# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025




# भक्ति, उत्साह और रोशनी से जगमगा उठा सरयू तट



## 2100 अर्चकों ने एक साथ की आरती, बना नया विश्व रिकॉर्ड

**अयोध्या ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। दीपोत्सव 2025 के अवसर पर सरयू तट पर 2100 महिलाओं ने सामूहिक रूप से आरती कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह आयोजन न केवल भक्ति और आस्था का प्रतीक रहा बल्कि समाज में महिला शक्ति के योगदान और सामूहिक एकता का संदेश भी दे गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

दीपोत्सव के पावन अवसर पर सरयू नदी का तट आज भक्ति, उत्साह और रोशनी से जगमगा उठा। शहर भर में दीपों की श्रृंखला के बीच 2100 अर्चकों ने एक साथ सरयू आरती कर इतिहास रच दिया। इस सामूहिक आरती ने न सिर्फ अयोध्या बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित कर दिया है। यह आयोजन अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक आरती कार्यक्रम साबित हुआ है। पिछले वर्ष जहां 1100 अर्चकों ने सामूहिक आरती कर रिकॉर्ड बनाया था, वहीं इस बार 2100 अर्चकों की भागीदारी ने उस रिकॉर्ड को दोगुना कर नया इतिहास लिख दिया। इस आरती में समाज के हर वर्ग से जुड़ी महिलाओं ने हिस्सा लिया। इनमें गृहिणियां, अध्यापिकाएं, छात्राएं, संत महिलाएं और विभिन्न संस्थाओं से जुड़ी स्वयंसेविकाएं शामिल थीं।

### वैदिक मंत्रोच्चार और सरयू पूजन से हुई शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और सरयू पूजन से हुई। आरती के दौरान पूरा घाट "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठा। दीपों की सुनहरी रोशनी में सरयू का प्रवाह अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन था बल्कि समाज में महिला शक्ति की भूमिका को सम्मान देना भी था। अयोध्या प्रशासन और पर्यटन विभाग के सहयोग से यह आयोजन भव्य स्तर पर संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन महिला आचार्याओं की टीम ने किया। आयोजन की तैयारियां कई दिनों से चल रही थीं। 17 अक्टूबर को दीपदान और आरती का पूर्वाभ्यास कराया गया था ताकि सभी प्रतिभागी महिलाएं आरती के दौरान सही समन्वय बना सकें।

---

## तरकश

संजय के दीक्षित

### कलेक्टर, सोशल मीडिया और दिवाली

सोशल मीडिया ने इस बार कई कलेक्टर, एसपी की दिवाली को कमजोर कर दिया। दरअसल, 13 अक्टूबर को कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस खतम होते ही फेसबुक, व्हाट्सएप पर कलेक्टर, एसपी के ट्रांसफर को लेकर भविष्यवाणियों की ऐसी झड़ी लगी कि जैसे कुछ मिनटों में लिस्ट आने वाली है। ऐसे में हलाकान, परेशान कई कलेक्टरों ने उपर तक के लोगों को फोन लगा डाला। कुल मिलाकर दो दिन में ऐसा रायता फैला कि लोगों को लगा दिवाली से पहले कुछ लोग निबट जाएंगे। जाहिर है, ऐसी खबरों को पंख लगते देरी नहीं लगती। इसका असर यह हुआ कि बड़े लोगों की दिवाली मनवाने वाले कारपोरेट, ठेकेदार और सप्लायरों ने इस बार पहले जैसी दिलेरी नहीं दिखाई। उन्हें लगा साब जाने वाले हैं तो अब ज्यादा चारा फेंकने का क्या मतलब?

### सीएम विष्णुदेव और हिन्दुत्व!

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बीजेपी की सियासत के बेहद साफ्ट चेहरा माने जाते हैं। 35 साल के दीर्घ सियासी सफर में उनके दामन पर विवादों के कोई छींटे नहीं पड़े। न वे हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर कभी मुखर रहे। मगर हालात को देखते कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस में उन्होंने तेवर तल्ख किया है। खासकर, धर्मांतरण को लेकर। कांफ्रेंस में सरगुजा के एसपी ने जब कहा कि हमारे यहां धर्मांतरण नहीं...कभी-कभी चंगाई सभा होती है तो मुख्यमंत्री बोले, आपको पता नहीं। चंगाई सभा धर्मांतरण का पहला चरण होता है...इसे रोकने आपलोग कड़ी कार्रवाई कीजिए। इसके बाद बलरामपुर जिले की बात आई तो मुख्यमंत्री ने तीखी टिप्पणी की। पुराने दिनों को याद करते बोले, मैं बलरामपुर जाता था तो वहां हरे-हरे झंडे दिखाई पड़ते थे। आपलोग अवैध वाशिंदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। हिन्दुत्व को लेकर मुख्यमंत्री की गंभीरता को देखते कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस के बाद कई जिलों में पुलिस ने धर्मांतरण के केस में सख्ती बढ़ा दी है।

### पुलिस कमिश्नरेट में देरी

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के मौके पर रायपुर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने की चर्चाएं थी। सरकार ने कमिश्नर सिस्टम के लिए ड्राफ्ट बनाने के लिए कमेटी बनाई थी, कमेटी ने रिपोर्ट भी सौंप दी। मगर इसके बाद पता नहीं कैसे, मामला कहीं फंस गया है। अफसरों की मानें तो अब राज्योत्सव में हफ्ता भर का टाईम बच गया है, इतने कम समय में पुलिस कमिश्नर ऑफिस से लेकर सेटअप तैयार करना संभव नहीं। लिहाजा, अब माना जा रहा कि रायपुर पुलिस कमिश्नरेट एक जनवरी से ही प्रारंभ हो पाएगा।

### कलेक्टर्स की लिस्ट

सरकार ने कलेक्टरों को दिवाली से पहले डिस्टर्ब करना मुनासिब नहीं समझा। मगर संभावना है कि राज्योत्सव से पहले दो-एक कलेक्टरों की लिस्ट निकल जाए। सरकार एक कलेक्टर को अब जैसे भी हो बदलना चाहती है, मगर उसका उद्देश्य कार्रवाई नहीं, मजबूरी है। लिहाजा, उन्हें दूसरा कोई ठीक ठाक जिला भी दिया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो फिर दो जिले के कलेक्टरों की लिस्ट निकलेगी। बाकी मुख्यमंत्री के उपर है, वे क्या सोचते हैं। क्या भरोसा, कुछ दिनों के लिए सिंगल जिले का ही लिस्ट निकल जाए।

### पीएम के 3 नाइट हॉल्ट

डीजीपी कांफ्रेंस के सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन, दो रात रायपुर में रुकेंगे। मोदी 28 नवंबर की शाम को रायपुर आएंगे। 29 को रहेंगे। 30 नवंबर को समापन समारोह में हिस्सा लेने के बाद शाम यहां से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इससे पहले रायपुर में किसी प्रधानमंत्री का इतना लंबा दौरा नहीं हुआ। वो भी मोदी जैसे पीएम...। अटल जी बिलासपुर में जरूर दो रात रुके थे। 2003 में अजीत जोगी सरकार के दौरान वे रेलवे जोन मुख्यालय भवन का उद्घाटन और परिवर्तन रैली को संबोधित करने आए थे, उस समय बिलासपुर के छत्तीसगढ़ भवन में वे दो रात रुके। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ के किसी एक शहर में दो दिन का विजिट नहीं रहा। इससे पहले राज्योत्सव के मौके पर पीएम मोदी 31 अक्टूबर को भी रायपुर आ रहे। 31 को उनका रायपुर में ही रात्रि विश्राम है। 1 नवंबर को वे अलग-अलग पांच कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कुल मिलाकर महीना भर के भीतर पीएम मोदी का रायपुर में तीन नाइट हॉल्ट होगा।

### होटलों में नो रुम

अगर रायपुर में 28 से 30 नवंबर के बीच आप कोई कार्यक्रम करना चाहते हैं तो उसे टालना बेहतर होगा। क्योंकि, रायपुर में राज्य बनने के बाद दो सबसे सबसे बड़े आयोजन होने जा रहे हैं। 28 से 30 के बीच डीजीपी, आईजी कांफ्रेंस तो है ही, 28 नवंबर से तीन दिन का डॉक्टरों का एक नेशनल सेमिनार होगा। इसमें देश भर से करीब ढाई हजार डॉक्टरों के शिरकत करने का अंदेशा है। छत्तीसगढ़ में डॉक्टरों का इस लेवल का आयोजन पहली बार हो रहा है। ऐसे में, होटलों में रुम नहीं मिल रहे। डीजीपी, आईजी कांफ्रेंस के लिए आईबी वाले परेशान हैं, होटलों के अलावे रायपुर के आसपास के जितने गेस्ट हाउसेज हैं, उन्हें तैयार किया जा रहा है। डॉक्टरों के वर्कशॉप के लिए प्रायवेट फार्महाउसों से भी रुम के लिए बात की जा रही। जाहिर है, डीजीपी कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर समेत देश के सभी राज्यों के डीजीपी, आईजी और गृह सचिव रायपुर में रहेंगे। पता चला है, होटल वाले बाहर से शेफ और केटरर टीम बुला रहे तो टैक्सी वाले दूसरे राज्यों से इनोवा बुला रहे। क्योंकि, रायपुर में उतनी गाड़ियां नहीं हैं।

### अंत में दो सवाल आपसे

1. क्या एनएचएम में सरकार कोई नया डायरेक्टर अपाइंट करने वाली है?
2. रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट प्रारंभ होने में देरी के पीछे क्या वजह है?

---

विभिन्न पाठ्यक्रमों में 19 से 22 अक्टूबर तक आवंटन सूची के आधार पर एडमिशन

## दिवाली के बीच नर्सिंग का एडमिशन, बीएससी की करीब 1200 अपग्रेड सीटों को भूला विभाग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

इस बार दिवाली के बीच नर्सिंग कालेजों में बीएससी सहित तमाम नर्सिंग पाठ्यक्रमों में एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहले राउंड में प्रवेश के लिए 19 से 22 अक्टूबर की तारीख तय की है। इस बार बीएससी की अपग्रेड हुई 1200 सीटों को काउंसिलिंग में शामिल नहीं किया गया है। यह उन 26 कालेजों की सीट है, जो जीएनएम को अपग्रेड कर अपनी बीएससी की सीटों की संख्या बढ़ाई थी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के बाद मेरिट लिस्ट और आवंटन सूची जारी करने के साथ बीएससी, एमएससी, पोस्ट बेसिक नर्सिंग तथा साइकियाट्रिक नर्सिंग में प्रवेश की तारीख घोषित है। प्रवेश प्रक्रिया रविवार 19 अक्टूबर से 22 अक्टूबर यानी दिवाली के दौरान पूरी करने का शेड्यूल जारी किया है। त्योहार के बीच शासकीय और निजी कालेजों में प्रवेश का काम पूरा करने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इधर बीएससी नर्सिंग की सीटों की संख्या 6421 बताई गई है। इसमें उन 6 जीएनएम कालेजों को शामिल किया गया है, जिन्होंने सीट बीएससी में परिवर्तित की है। उन कालेजों को विभाग भूल गया है जो बीएससी सीटों की संख्या बढ़ाने के अपनी जीएनएम की सीट को अपग्रेड किया गया है। ऐसी सीटों की संख्या करीब 12 सौ बताई गई है। बीएससी के लिए आवेदन के बाद 5908 लोगों की मेरिट सूची जारी की गई जिसमें 3785 लोगों को सीटों का आवंटन किया गया है।



### पोस्ट बेसिक की 733 सीट अलॉट

राज्य के शाससकीय और निजी नर्सिंग कालेजों में पोस्ट बेसिक नर्सिंग के लिए 925 सीटों में 733 का आवंटन किया गया है। इसके लिए 870 लोगों की मेरिट सूची जारी की गई थी। एमएससी के 960 की प्रावीण्य सूची में 678 सीट के लिए 685 सीटों का आवंटन किया गया है। साइकियाट्रिक की 10 में से 9 सीटों का आवंटन किया गया है और इसके लिए 26 ने अपना आवेदन किया था।

### जीएनएम का शेड्यूल भी जारी

स्वास्थ्य संचालनालय ने जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी (जीएनएम) की सीटों पर प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी की है। इसके लिए 22 से 31 अक्टूबर तक आवेदन तथा 6 से 28 नवंबर तक विभिन्न चरणों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने इंडियन नर्सिंग काउंसिल को नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से आगे बढ़ने का निवेदन भी किया है।

---

## दिवाली के दिन छींटे पड़ने की संभावना, शनिवार को सबसे गर्म रहा रायपुर

**रायपुर।** रविवार और सोमवार यानी दिवाली के दिन प्रदेश के उत्तरी और मध्य हिस्से में बारिश के छींटे पड़ सकते हैं। ठहराव जैसी स्थिति में आ चुके मौसम में इसका बड़ा बदलाव नहीं होगा। अभी सुबह-सुबह ठंड महसूस हो रही है, लेकिन दिन में उमस महसूस हो रही है। शनिवार को रायपुर का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया।

मानसून की विदाई के बाद ठहर चुके मौसम में किसी तरह का बदलाव नहीं हो रहा है। वातावरण में मौजूद नमी और स्थानीय प्रभाव से अगले दो दिन सरगुजा, बिलासपुर और रायपुर संभाग के कुछ इलाकों में छींटे पड़ने की संभावना बनी हुई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों यानी नवंबर में उत्तरी इलाकों में ठंड का प्रभाव हो सकता है। मध्य में ठंड असरदार होने के लिए दिसंबर तक इंतजार करना पड़ सकता है। अभी ठंड का अनुभव सुबह के वक्त हो रहा है। दिनभर उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान किए हुए है और शनिवार को रायपुर का तापमान राज्य में सबसे अधिक 32.2 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री सेल्सियस है। राज्य में ठंड महसूस होने के लिए मौसम में शुष्कता आने के साथ हवा की दिशा बदलकर उत्तर-पूर्व होने की जरूरत है। अभी प्रदेश में पश्चिम की हवा आ रही है जो नमी लिए हुए है।

---

हाईकोर्ट ने 20 साल की सजा बरकरार रखी

## पीड़िता 'उत्कृष्ट गवाह' की श्रेणी में हो तो आरोपी लाभ नहीं ले सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि एक अभियुक्त पीड़िता के बयान में मामूली विसंगतियों का लाभ नहीं ले सकता जब चिकित्सा और फोरेंसिक साक्ष्य अभियोजन पक्ष के मामले की पुष्टि करते हैं। खासकर जहां पीड़िता का बयान पूरी तरह से सुसंगत रहा है और विश्वास दिलाता है उसका साक्ष्य 'उत्कृष्ट गवाह' की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने आरोपी की 20 साल के कारावास की सजा बरकरार रखी है।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व बीडी गुरु की डीबी ने पाक्सो एक्ट के आरोपी युवक को मिली सजा बरकरार रखते हुए उसकी अपील खारिज कर दी। इस 11 वर्षीय पीड़िता के पिता ने सरायपाली थाने में अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई थी जो दोपहर में अपने घर के सामने खेलती हुई नदारद हुई थी। पुलिस ने पतासाजी करते हुए साँपंधी, थाना सरायपाली, जिला महासमुंद निवासी शनि कुमार चौहान पुत्र जेठूराम चौहान के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस प्रकरण में विशेष न्यायाधीश सरायपाली, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ ने 13 मई 2022 को दोषसिद्धि और सजा का आदेश के दिया था।

अपराध को साबित करने के लिए, अभियोजन पक्ष ने 16 गवाहों से पूछताछ की और अपने समर्थन में 28 दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। इस निर्णय के विरुद्ध अपीलकर्ता ने हाईकोर्ट में अपील की। न्यायालय ने कहा कि पीड़िता पर बिना किसी और पुष्टि के उत्कृष्ट गवाह" के रूप में भरोसा किया जा सकता है बशर्ते कि उसकी गुणवत्ता और विश्वसनीयता असाधारण रूप से उच्च हो। अभियोजन पक्ष का बयान शुरू से अंत तक (छोटी-मोटी विसंगतियों को छोड़कर) प्रारंभिक बयान से लेकर मौखिक गवाही तक, अभियोजन पक्ष के मामले में कोई संदेह पैदा किए बिना, सुसंगत होना चाहिए।

### डाक्टरी परीक्षण और एफएसएल रिपोर्ट में पुष्टि

कोर्ट ने कहा कि वर्तमान मामले में, विशेष रूप से पीड़िता की गवाही से, यह स्पष्ट है कि वह शुरू से अंत तक अपने रुख पर अडिग रही है। पीड़िता ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अपीलकर्ता उसे जबरन बागोड़ा ले गया, उसे बंधक बनाया और बार-बार यौन उत्पीड़न किया। सीआरपीसी की धारा 161 और 164 के तहत उसका बयान इन तथ्यों की पुष्टि करता है, जिसमें उसके अपहरण, बंधक बनाने और बार-बार यौन उत्पीड़न का विवरण शामिल है। डाक्टरी परीक्षण और एफएसएल रिपोर्ट ने भी बयान की पुष्टि की। हालांकि अन्य गवाहों के बयानों में मामूली अंतर है, लेकिन समय बीतने और उनकी अप्रत्यक्ष संलिप्तता को देखते हुए ऐसी विसंगतियां स्वाभाविक हैं। कोर्ट ने पाया कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जो यह बताए कि पीड़िता के पास अपीलकर्ता को झूठा फंसाने का कोई मकसद था। पीड़िता के सुसंगत और विश्वसनीय विवरण, जो चिकित्सा और फोरेंसिक साक्ष्यों द्वारा समर्थित है, इसे ध्यान में रखते हुए, अपील को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया।

---

## रेलवे बोर्ड और राज्य शासन को हाईकोर्ट का नोटिस जारी

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे महा प्रबंधक द्वारा विद्युत सब स्टेशन निर्माण हेतु ग्राम बेलगहना में भू अर्जन की कार्यवाही प्रारंभ की गई। रेलवे प्रशासन की मांग पर भू अर्जन अधिकारी द्वारा प्रारंभिक अभिसूचना प्रकाशित की गई।

अधिसूचना प्रकाशित होने पर भू स्वामी द्वारा विस्तृत आपत्ति दर्ज की गई। आपत्ति में आधार लिया गया की अर्जित भूमि कृषि भूमि है तथा भूस्वामी इसी पर आश्रित है। यह भी बताया गया कि रेलवे विभाग के पास उसी क्षेत्र में भूमि उपलब्ध है। भू अर्जन अधिकारी द्वारा बगैर समुचित सुनवाई के आपत्ति खारिज की गई। इसके विरुद्ध याचिकाकर्ता प्रदीप अग्रवाल द्वारा अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से याचिका दायर की गई। याचिका में बताया गया कि रेलवे अधिनियम की धारा 20 डी के अनुसार भू अर्जन अधिकारी को भू अर्जन के विरुद्ध आपत्ति पर विचार कर समुचित सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। आपत्ति निरस्त करना विधि विरुद्ध है। याचिका पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने रेलवे बोर्ड सहित राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

---

## 47 साल का रिश्ता टूटा, पत्नी को 10 लाख देना होगा, तलाक की अर्जी मंजूर

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने 15 साल से अलग रह रहे पति की तलाक की अर्जी को मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने कहा कि, इतने लंबे समय से अलग रहना, लगातार विवाद मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट ने 47 साल पुराने वैवाहिक रिश्ते को समाप्त करने के फैमिली कोर्ट के आदेश पर अंतिम मुहर लगाते हुए पति की तलाक की अर्जी मंजूर करते हुए पत्नी को एकमुश्त 10 लाख रुपए देने का आदेश दिया है।

याचिका के मुताबिक भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारी की महिला लीला वर्मा के साथ 20 अप्रैल 1978 को मध्यप्रदेश के रीवा जिले के मऊगंज के हीरालाल वर्मा के साथ हिंदू रीति-रिवाज से शादी हुई थी। उनके तीन बच्चे हैं। इस बीच महिला के पति को 1995 में भिलाई स्टील प्लांट में नौकरी मिली और परिवार सेक्टर-5 भिलाई में रहने लगा। लंबे समय तक वैवाहिक रिश्ता ठीक चलने के बाद उनके बीच विवाद शुरू हो गया।

### एक दूसरे पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

कई सालों तक परेशान पति ने फैमिली कोर्ट में क्रूरता और परित्याग के तहत तलाक की अर्जी लगाई। इसमें आरोप लगाया कि उसकी पत्नी साल 1987 से विवाद करती है। पति ने फैमिली कोर्ट को बताया कि, साल 2010 से दोनों एक ही घर में अलग-अलग कमरों में रह रहे थे। पति ने आरोप लगाया कि साल 2017 में पत्नी ने उसे ही घर से निकाल दिया। ऐसे में अब वैवाहिक रिश्तों का कोई महत्व नहीं है। पत्नी ने कोर्ट में कहा कि उल्टा पति ही उनके साथ शारीरिक और मानसिक अत्याचार करता था। खाने-पीने तक से रोक देता था। घर में अलग कमरा बनवाकर उसे बंद कर दिया और भरण-पोषण भी रोक दिया। बाद में पति खुद ही घर छोड़कर चला गया और अब झूठे आरोप लगा रहा है।

### फैमिली कोर्ट ने मंजूर की तलाक की अर्जी

इस मामले में फैमिली कोर्ट ने पति की तलाक की अर्जी को मंजूर कर ली। साथ ही भरण-पोषण के लिए पत्नी को एकमुश्त 10 लाख रुपए देने के आदेश दिए। फैमिली कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद डिवीजन बेंच ने पाया कि दोनों पति-पत्नी 2010 से अलग रह रहे हैं और अब उनका साथ रहना संभव नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि इतने लंबे समय से अलग रहना और लगातार विवाद, मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने तलाक के आदेश को बरकरार रखते हुए पति को भरण-पोषण की राशि एकमुश्त देने का आदेश दिया है।

---

## एक्सीडेंट के बाद धमकी से सहमे युवक ने की खुदकुशी

रायपुर। रोड एक्सीडेंट के बाद गाड़ी बनवाने 15 हजार रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी से सहमे युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जिस युवक ने मृतक को जान से मारने की धमकी दी थी, पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी कर लिया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया। घटना तीन दिन पूर्व 16 अक्टूबर को उरला थाना क्षेत्र की है। बिरगांव, मठपारा निवासी राहुल विश्वकर्मा ने खुदकुशी की है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- 3600 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ, सोना चांदी और ऑटो में सबसे ज्यादा
- इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, मोबाइल कपड़े, बर्तन, फर्नीचर का बाजार भी रहा गुलजार

## आज भी मुहूर्त, बरसेगा धन



# धनतेरस पर बरसा धन, 1200 करोड़ की गाड़ियां बिकीं, इतनी डिमांड की आधी डिलीवरी हो पाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

धनतेरस पर शनिवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में सुबह से लेकर देर रात तक जमकर धनवर्षा हुई। धनतेरस दो दिनों का होने के कारण रविवार को भी दोपहर तक खरीदारी होगी। ऑटोमोबाइल सेक्टर में उम्मीद से ज्यादा का कारोबार हुआ और एक ही दिन में 50 हजार वाहन बिके हैं। वैसे कारों की कमी के कारण ग्राहकों को कारें नहीं मिल पाई हैं। छह हजार कारों की एडवांस बुकिंग थी, इसमें 50 फीसदी कारों की डिलीवरी हुई है। बाकी कारें रविवार को या इसके ▸▸|शेष पेज 5 पर

**फैक्ट फाइल**

- 1000 करोड़ का बिका सोना और चांदी
- 200 करोड़ के बिके घर और प्लाट
- 600 करोड़ के बिके इलेक्ट्रॉनिक आइटम और मोबाइल
- 600 करोड़ के बर्तन, फर्नीचर, कपड़े, मिठाई और गिफ्ट आइटम बिके



### उम्मीद से ज्यादा बिके वाहन

ऑटोमोबाइल सेक्टर में जमकर बूम रहा। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में एक ही दिन में करीब 25 हजार वाहनों के बिकने का अनुमान था, लेकिन इसके विपरीत इससे ज्यादा वाहन बिके। ग्राहकों ने परेशानी से बचने के लिए पहले ही वाहनों की बुकिंग करा ली थी। जहां 40 हजार से ज्यादा दुपहिया वाहन बिके हैं, वहीं छह ▸▸|शेष पेज 5 पर



### बजट के हिसाब से खरीदा सोना-चांदी

धनतेरस पर सराफा में बड़ा कारोबार हुआ। अनुमान था कि धनतेरस से पहले सोना सवा लाख रुपए तक जा सकता है, लेकिन सोना इससे भी ज्यादा हो गया है। धनतेरस पर सोना एक लाख 32 हजार और चांदी 169500 रुपए किलो बिकी। सोने और चांदी की कीमत ज्यादा होने के कारण ग्राहकों ने तो अपने बजट के हिसाब से ही सोना और चांदी खरीदा। जो पहले दो तोला सोना लेते थे, वो इस बार एक तोला से भी कम ही ले पाए। इसी तरह से चांदी के जेवर और चांदी भी अपने बजट के हिसाब के कम मात्रा में ली। निवेश करने वालों ने भरपूर सोना और चांदी लिया है। जो लोग पहले मकानों और प्लाट में निवेश करते थे, ▸▸|शेष पेज 5 पर

**आनंद का सच्चा भाव®**

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹93259/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹113900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹124333/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

## खबर संक्षेप

### 'दंगल' की अभिनेत्री जायरा वसीम ने शादी की

**नई दिल्ली।** पूर्व अभिनेत्री जायरा वसीम ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा की हैं। 2016 में आई खेल संबंधित फिल्म 'दंगल' में जायरा को उनके किरदार के लिए खूब प्रसिद्धि मिली। 24 वर्षीय अभिनेत्री ने पोस्ट अपलोड की जिसमें वह निकाहनामा पर दस्तखत करती हुई दिखाई दे रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में अभिनेत्री अपने पति के साथ पोज दे रही थीं। जायरा ने उनका नाम नहीं बताया है।

### उदंती एरिया कमेटी के नक्सलियों ने हथियार छोड़ समाज के मुख्यधारा में जुड़ने दिए संकेत

# गरियाबंद भी होगा नक्सलमुक्त! एरिया लीडर ने लिखा-अब सरेंडर करना बेहतर

*महाराष्ट्र और जगदलपुर में भारी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर के बाद गरियाबंद में भी नक्सलियों के सरेंडर करने की उम्मीद बनी है। गरियाबंद जिले के उदंती एरिया कमेटी ने पर्चा जारी किया है। पर्चे में लिखा है कि अब सशस्त्र आंदोलन मुश्किल हो गया है। बस्तर में रूपेश दादा उर्फ सतीश दादा के नेतृत्व में 210 माओवादी कैडरों ने हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया,हमें उसी रास्ते पर चलना चाहिए। माना जा रहा है कि गरियाबंद में सैकड़ों की संख्या में नक्सली हथियार छोड़ने की तैयारी में है।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

पर्चा उदंती एरिया कमेटी के नक्सली लीडर सुनील ने जारी किया है। सुनील ने साथ ही अपने साथियों से भी हथियार डालने की अपील की है। नक्सल लीडर सुनील ने पर्चा में लिखा कि आज की परिस्थितियों के अनुसार हथियार के साथ लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती। पहले सोनू दादा ने 60 साथियों के साथ महाराष्ट्र में सरेंडर किया। फिर लीडर रूपेश ने 210 साथियों के साथ हथियार छोड़ा। इन सभी ने सरकार को अपने हथियारों को सौंप दिया है। सुनील ने लिखा है कि आज की परिस्थितियों में सशस्त्र आंदोलन चलाना मुश्किल है। अभी हमारे पास मौका है। पहले हमें बचना है, उसके बाद संघर्ष आगे बढ़ाना है। ▸▸|शेष पेज 5 पर

### एसपी ने जारी किया वीडियो, कहा हम स्वागत करने के लिए तैयार, आपकी सुरक्षा करेंगे





### एसपी ने की अपील, हम आपका स्वागत करने के लिए तैयार

गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए नक्सलियों से भावनात्मक अपील की है। उन्होंने कहा हम आपका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। समाज की मुख्यधारा में लौट आइए, हथियार छोड़िए, हिंसा को विराम दीजिए। जो भी नक्सली आत्मसमर्पण ▸▸|शेष पेज 5 पर

### अपना नंबर दिया, कहा बेझिझक संपर्क करें

एसपी राखेचा ने अपना सीधा संपर्क नंबर 94791-90067 सार्वजनिक करते हुए कहा कि जो भी माओवादी हिंसा छोड़ना चाहता है, वह इस नंबर पर किसी भी समय संपर्क कर सकता है। अब वक्त है बंदूक की जगह किताब उठाने का एसपी राखेचा ने कहा कि अब समय है संघर्ष से संवाद की ओर बढ़ने का। अब वक्त है बंदूक की जगह किताब उठाने का, समाज को जोड़ने का। असली लड़ाई शिक्षा, विकास और शांति के रास्ते से ही लड़ी जा सकती है। सोच और दिशा में बदलाव का प्रतीक है यह कदम एसपी निखिल राखेचा ने कहा कि यह सिर्फ आत्मसमर्पण नहीं, ▸▸|शेष पेज 5 पर

**बांग्लादेश में भीषण हादसा**

## ढाका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आग, सभी उड़ानें रद्द



एजेंसी ▸▸| ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के 'कार्गो कॉम्प्लेक्स' में शनिवार को भीषण आग लग गई, जिसके चलते अधिकारियों को सभी उड़ानों का संचालन स्थगित करना पड़ा। आग के बाद हवाई अड्डे के आसपास घना काला धुआं छा गया। घटना में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। ▸▸|शेष पेज 5 पर

### कई उड़ानें डायवर्ट

ढाका में उतरने वाली विभिन्न एयरलाइन की उड़ानों को अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर भेज दिया गया। कार्गो क्षेत्र में रखे रसायनों ने अग्निशामकों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सेना, वायु सेना, नौसेना और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवान अग्निशमन और बचाव कार्यों में शामिल हुए।

### 36 दमकल गाड़ियां जुटी रहीं

36 दमकल गाड़ियां आग बुझाने में लगी रहीं। सीएएबी के अधिकारियों ने बताया कि वायु सेना की दमकल गाड़ियां भी बचाव अभियान में शामिल हो गईं हैं। अगली सूचना तक सभी विमानों के उतरने और उड़ान भरने पर रोक लगा दी गई है। हमारे सभी विमान सुरक्षित हैं।









# मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी

अर्थ : जो मंगल करने वाले और अमंगल को दूर करने वाले हैं, वो दशरथ नंदन श्री राम हैं, वो मुझ पर अपनी कृपा करें।

## आत्ममंथन का दीप जलाएं



दीपोत्सव

मुनीष भाटिया

स्वतंत्र पत्रकार



आज समाज में चहुँ ओर हिंसा, अराजकता व झूठ का बोलबाला है। युद्ध और आतंकवाद के वातावरण में इंसानियत को तार-तार किया जा रहा है। हिंसा और नफरत भरे माहौल के कारण ही आज ऐसा वातावरण बन रहा है कि इंसानियत और हैवानियत की दूरियां कम होती जा रही हैं। यह सच है कि जब समाज में हिंसा, नफरत, और अराजकता का बोलबाला होता है, तो इसका असर हर व्यक्ति पर पड़ता है। हमारे मन में जमा नकारात्मकता और दूसरों पर दोषारोपण की प्रवृत्ति समाज में नैतिकता के स्तर को गिरा रही है। कहते हैं कि 'आत्मनिरीक्षण ही आत्म-सुधार का पहला कदम है।' यदि हम अपने दोषों और कमजोरियों को पहचान कर उनमें सुधार लाने की कोशिश करें, तो इससे समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। मन में व्याप्त अमावस का ही परिणाम है कि हम दूसरे के दोषों की चर्चा तो खूब करते हैं किन्तु अपनी गलतियों पर पर्दा डाल लेते हैं। दूसरों के दोष तो हमें नजर आ जाते हैं किन्तु स्वयं का बड़े से बड़े अपराध का भी हम आत्मनिरीक्षण करने की कोशिश तक नहीं करते। आज के गिरते मानवीय जीवन चरित्र को देखते हुए यह धारणा प्रबल हो चली है कि 'दोस पराए देखि करि चला हसंत-हसंत' अर्थात यह मनुष्य का स्वभाव है कि जब वह दूसरों के दोष देखकर हंसता है, तब उसे अपने दोष याद नहीं आते जिनका न आदि है न अंत। दूसरों के दोषों को देखने के बजाय यदि हर व्यक्ति अपने मन की 'अमावस' को दूर कर, उसे सच्चाई और मानवता के उजाले में बदलने का प्रयास करे, तो यह न केवल समाज के लिए बल्कि स्वयं के लिए भी अत्यंत लाभकारी होगा। हमें अपने मन को अशांति और द्वेष से मुक्त करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। इसी सोच के साथ नैतिकता और इंसानियत की ओर एक कदम बढ़ाकर हम एक सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। दूसरों के प्रति अपने दुर्व्यवहार व अपने दोषों अनुसार सामाजिक मूल्यों के संदर्भ में कबीर द्वारा कही गई वाणी अपने याद न आवई जाको आदि न अंत' यह एक विडंबना ही कही जाएगी कि आत्म निरीक्षण व आत्म विश्लेषण कर अपनी गलतियों को सुधारने की बजाए हम अपने विवेक दर्पण में वही सब कुछ देखना चाहते हैं जैसा हमारा मन करता है। कबूतर की तरह आँख मूंदे रहने की भावना ने समाज को किंकर्तव्यविमूढ़ बना दिया है। राजनीतिक रूप से बदले की भावना इतनी प्रबल हो चली है कि नैतिकता के सभी आयाम को चुनौतियां दी जा रही हैं। अपने मन की अमावस में आत्ममंथन का दिया जलाने का रत्ती भर बी प्रयास नहीं करते। निज की स्वस्थ आलोचना कर व अपने गुण दोषों को हम देखना भी नहीं चाहते। यही कारण है कि सामाजिक अपराधों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। परिवार, उसकी प्रथम इकाई होने के कारण, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि परिवार में ही अपराध, हिंसा, और महिलाओं के प्रति शोषण जैसी घटनाएं होती हैं, तो समाज पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। घरेलू हिंसा, महिला एवं बाल यौन उत्पीड़न जैसी घटनाएं न केवल पीड़ित के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक गहरा आघात होती हैं।

### नैतिक पतन

आज के समय में, शीर्ष नेताओं और जनप्रतिनिधियों में आत्मनिरीक्षण की कमी और प्रतिशोध की भावना का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है। समाज में जो अपराध और अनैतिकताएं बढ़ रही हैं, वे कहीं न कहीं उन व्यक्तियों के नैतिक पतन को दर्शाती हैं जो समाज का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। यदि शीर्ष पर बैठे लोग ही नैतिकता के उच्च मानदंडों का पालन नहीं करेंगे, तो यह समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा, और फिर आम जनमानस में भी अनुशासन और संवेदनशीलता का अभाव उत्पन्न होने लगेगा। जब व्यक्ति अपने भीतर झांककर अपनी कमजोरियों और कमियों को पहचानने और उनमें सुधार करने का प्रयास करता है, तो वह समाज के लिए एक उदाहरण बनता है।

### आत्मनिरीक्षण जरूरी

परिवार में आत्मनिरीक्षण और अपने व्यवहार की समीक्षा की भावना को विकसित करने की आवश्यकता आज के समय की मांग है। जब हम अपने हृदय को एक दर्पण मानकर अपनी क्रियाओं को देखते हैं, तो हमें अपने आचरण की सच्चाई का पता चलता है। यह आत्मनिरीक्षण हमें न केवल हमारे दोषों का ज्ञान कराता है, बल्कि उन्हें दूर करने की प्रेरणा भी देता है। किसी भी व्यक्ति से किया गया व्यवहार चाहे अनजाने में हो या जानबूझकर, यदि उस व्यवहार में किसी प्रकार की ठेस पहुंचती है, तो यह हमारे लिए चेतावनी है कि हमें अपने व्यवहार में सुधार की आवश्यकता है। एक शांत और सजग मन से अपने व्यवहार पर विचार करना हमें आत्म-सुधार के मार्ग पर ले जाता है। इस तरह का आत्मनिरीक्षण हमारी मानसिकता को बदलने और हमारे व्यवहार को अधिक सकारात्मक, सहनशील, और दयालु बनाने में सहायक होता है। यदि हम सभी लोग इस दिशा में बढ़ें, तो निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव आएंगे और साथ ही संतुष्टि व आंतरिक शांति का अनुभव भी होगा।

## भारतवंशी राजनयिक भी यहां मनाते हैं दिवाली



विरासत

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

लघु भारत कहलाने वाले मॉरीशस, सूरीनाम, फीजी, त्रिनिडाड और टोबैगो तथा गुयाना के भारतवंशी राजनयिक राजधानी दिल्ली में अपने-अपने देशों की एंबेसियों में दीपोत्सव मनाएंगे। राजधानी में इस वक्त करीब दो सौ भारतवंशी राजनयिक काम कर रहे हैं। भारतीय संसार के कोने-कोने में जाकर बसे, पर दिवाली उनके साथ रही। अगर उन्हें प्रकाश पर्व अपने पुरखों के देश में मनाने का अवसर मिले तो उनकी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। इस बीच, पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या की हॉकी टीम के पूर्व कप्तान अवतार सिंह सोहल इस बार दिवाली चंडीगढ़ में मना रहे हैं। उनके पुरखे 1920 में पंजाब के जालंधर शहर से केन्या जाकर बस गए थे। पूर्वी अफ्रीकी देशों जैसे केन्या, युगांडा और तंजानिया में बसे सभी भारतवंशियों के लिए साझा उत्सव बन चुका है दिवाली का पर्व। इसने धार्मिक सीमाओं को लांघ लिया है। पूर्वी अफ्रीकी देशों में भारतीय 1896 से लेकर 1920 तक रेलवे का नेटवर्क स्थापित करने के लिए गए थे। त्रिनिडाड-टोबैगो के पूर्व प्रधानमंत्री वासुदेव पांडे ने एक बार अपने देश के वसंत विहार में स्थित दूतावास में आयोजित दिवाली समारोह को दिखाया था। तब यहां त्रिनिडाड के राजदूत पंडित मणिदेव प्रसाद तिवारी दूतावास की इमारत के बाहर रंगोली बनवाते थे और वैष्णव भोजन की दावत देते थे। वे कहते थे कि दिवाली का अर्थ बहुत व्यापक है- यह अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। अंधकार जीवन के हर कोने में फैला होता है, जबकि प्रकाश सीमित। रात दिन से पहले और बाद में आती है, जो अंधकार की प्रबलता दर्शाती है। ऐसे गहन संदेश वाले इस त्योहार को हर कोई मनाना चाहता है। यह प्रकाश पर्व हमें भारत के पवित्र मूल्यों की याद दिलाता है, जरूरतमंदों की मदद करना, अंधेरे पर रोशनी चुनना, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की खोजकरना, तथा अच्छाई और करुणा का स्रोत बने रहना। इसे केवल हिंदू धर्म तक सीमित करना उचित नहीं। नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वी.एस. नायपाल ने भी यहां एक बार दिवाली डिनर में शिरकत की है। आजकल दक्षिण अफ्रीका के भारत में राजदूत भारतवंशी हैं। नाम है अनिल सूकलाल। उनके दफ्तर में गांधी जी और नेल्सन मंडेला की फोटो लगी हैं। अनिल जी के पुरखे मूल रूप से पूर्वी उत्तरप्रदेश से थे। वे बताते हैं कि उनका भारत में दिवाली पर्व को मनाने का सपना पूरा हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका के दूतावास में भी भारतवंशी हैं। इनके पुरखे अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार या आंध्र प्रदेश से हैं। माना जाता है कि भारत से बाहर सर्वाधिक भारतीय मलेशिया और दक्षिण अफ्रीका में ही हैं। दोनों देशों में इनका आंकड़ा 15-20 लाख के आसपास है। दक्षिण अफ्रीका से भारत इसलिए भी अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। मॉरीशस के नई दिल्ली स्थित दूतावास में दिवाली की गहमा-गहमी कई दिन पहले शुरू हो जाती है। दिवाली से एक दिन पहले पूजन होता है। कुछ साल पहले तक तो इसमें राजधानी में रहने वाले प्रमुख भोजपुरी समाज की विशिष्ट हस्तियों को भी आमंत्रित किया जाता था। जब तक अनिरुद्ध जगन्नाथ देश के राष्ट्रपति थे तब तक करोल बाग में रहने वाले एक मल्होत्रा परिवार को मिठाई के डिब्बे और लक्ष्मी पूजा की सामग्री भेजी जाती है। अनिरुद्ध जगन्नाथ की पुत्री शालिनी का विवाह 1983 में करोल बाग के डॉ.कृष्ण मल्होत्रा से हुआ था। मुंबई में रहने वाले प्रख्यात ज्योतिषि पंडित जयप्रकाश शर्मा लालधागे वाला ने कुछ विदेशी दूतावासों में दिवाली पर होने वाले आयोजनों में शिरकत की है। वे कहते हैं कि इन देशों के भारतवंशियों ने सनातन धर्म के संस्कारों से अपने को दूर नहीं किया है। ये बहुत आस्थावान हिन्दू हैं। गिरमिटिया योजना 1834 से 1920 तक चली, जिसमें करीब लाखों भारतीय यहां आए। कुछ वर्ष पहले तक युगांडा दूतावास में राजदूत जी.एस. ढिल्लो नाम के एक सिख सज्जन थे। वे दीपोत्सव से पहले एक दिवाली भोज का आयोजन करते थे। मॉरीशस के साथ-साथ, सूरीनाम, कैरेबियाई द्वीप देश त्रिनिडाड-टोबैगो,गुयाना और फीजी को 'लघु भारत' कहा जा सकता है। इन सब देशों के राजधानी में रहने वाले राजनयिक हर साल दिवाली मनाते हैं। गुयाना में बीते कुछ हफ्ते पहले भारतवंशी इरफान अली देश के प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए हैं। सिंगापुर,मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

*सिंगापुर, मलेशिया, कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के दूतावासों में कुछ भारतवंशी राजनयिक हमेशा तैनात होते हैं। इसलिए वे भी यहां दिवाली प्रेम और उत्साह से मनाते हैं। आखिर यह उनकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।*

## सैनिकों संग दीपावली



पर्व

डॉ. मोनिका शर्मा

स्वतंत्र पत्रकार

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के चौदह वर्ष के वनवास की समाप्ति और राक्षस राजा रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या वापसी के उपलक्ष्य में दीपावली का पर्व मनाया जाता है। परंपरागत रूप से देखा जाए तो दीपावली के त्योहार पर आज भी लोग अपने गाँव-घर जाते हैं। देश के किसी हिस्से से ही नहीं विदेशों में बसे लोग भी अपनों के साथ दीपोत्सव मनाने अपने आँगन में लौटते हैं। त्योहार की इस उत्सवीय रौनक के बीच इस ओर ध्यान जाना लाजिमी है कि सीमाओं पर डटे सैनिक दिवाली का उत्सव मनाने के लिए अपने घर नहीं लौट पाते। देश के दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा की लिए सीमा पर उनकी मौजूदगी हर नागरिक के मन में सुरक्षा के प्रति विश्वास की उजास भरती आई है, भरती रहेगी। ऐसे में यह सुखद और सराहनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ष दीपावली का पर्व सैन्य बलों के साथ मनाते हैं। देश के किसी ना किसी हिस्से में राष्ट्र रक्षा में डटे सैनिकों के साथ इस पावन उत्सवीय भाव को साझा करते हैं। उनके इस जुड़ाव को सैनिकों के सम्मान और देश के नागरिकों के भाव सैनिकों के साथ होने के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। ज्ञात हो कि पिछले साल पीएम मोदी ने दिवाली पर गुजरात के कच्छ में जवानों के साथ समय बिताया था। वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी देश की सीमाओं, संघर्षशील मोर्चों और दूर-दराज़ के इलाकों में डटे सैनिकों के साथ दीपोत्सव मनाते रहे हैं। सेना के जवानों के बीच दिवाली मनाने की इस परंपरा को निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पहली दिवाली लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में सैनिकों के साथ मनाई थी। वहीं वर्ष 2015 में अमृतसर के डोगराई वॉर मेमोरियल में शहीदों का स्मरण कराते हुए तो 2016 में हिमाचल प्रदेश के सुमडो में सेना और बीएसएफ जवानों संग दीपोत्सव मनाया। गौरतलब है कि 2017 में जम्मू-कश्मीर के गुरेज सेक्टर और 2018 में उत्तराखंड के हर्षिल में आईटीबीपी कर्मियों के साथ दीपों की उजास के इस उत्सव में शामिल हुए। 2020 में कोरोना के संकट के समय भी दिवाली पर पीएम राजस्थान के जैसलमेर की लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों से मिले थे। वहीं 2021 में प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में जवानों के साथ दिवाली मनाई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ साल पहले आमजन से भी सैनिकों को दीपावली पर संदेश भेजने की अपील की थी। शुभकामनाओं की उजास हमारे जवानों तक पहुंचाने की इस अपील के बाद लाखों लोगों ने सैनिकों के प्रति आभार जताने और उनकी बदौलत खुद को सुरक्षित महसूस करने वाले भावों के साथ-साथ उनकी कुशलता की कामना करने वाले संदेश भेजे थे।

*दूर-दराज़ के हिस्सों में तैनात हमारे सैन्य बल अपने परिवार के साथ पर्व-त्योहार नहीं मना पाते पर आमजन को बिना किसी भय के त्योहार मनाने का भरोसा अवश्य देते हैं।*

## खुशियों के पर्व दीपावली पर दीप जलाएं, पटाखे नहीं



अपील

डॉ. घनश्याम बादल

पर्यावरण चिंतक

आज दीपावली धूम धड़ाके, रोशनी एवं पटाखों का सबसे बड़ा उत्सव बनकर सामने है व्यापार, बाज़ार एवं सरकार तथा धार्मिक संस्थान सब दीपावली को अपने तरीके से परिभाषित करते रहे हैं लेकिन जैसा कि नाम से स्पष्ट है दीपावली दीपों का पर्व है और इसका वर्णन पुराणों में भी दीपपर्व के रूप में मिलता है न कि पटाखा पर्व के रूप में। दिवाली शब्द संस्कृत के दो शब्दों 'दीवा' और 'अवली' यानि पंक्ति से मिलकर बना है जिसका एक अर्थ है कि पंक्ति में रखे हुए दीपक।

### रोशनी और दीपक

स्कन्द पुराण में दीपक को रोशनी का प्रतिनिधि माना गया है। इतिहास की मानें तो सातवीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में राजा हर्ष ने दिवाली के पर्व को 'दीपप्रतिपादुत्सवः' बताया है। जनश्रुतियों के अनुसार चौदह वर्ष के वनवास के बाद जब श्रीराम 14 वर्ष के वनवास पश्चात रावण का वध करके लक्ष्मण व सीता सहित अयोध्यआ लौटे तो उनके स्वागत में अयोध्या नगर को दीयों से जगमगाया गया था तभी से हिंदू धर्म में यह पर्व मनाया जाने लगा। एक मिथक यह भी है कि आज के दिन धन की देवी लक्ष्मी उल्लू पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आती है और धन संपदा का वितरण करती है।




दीप जलाने के अलावा दीपावली से पहले साफ-सफाई व घर तथा व्यापारिक संस्थानों की सजावट करना, नए कपड़े पहनना, पकवान व मिठाई खाना,मां लक्ष्मी की पूजा करना आदि समय के साथ परंपरा रूप में जुड़ते चले गए। दिवाली से जुड़ी ऐसी ही एक और परंपरा बन गई है, पटाखे जलाना। उच्चतम न्यायालय व कई राज्य सरकारों द्वारा वायु प्रदूषण रोकने के लिए पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद पटाखे जलाना आज भी दिवाली समारोह का एक अभिन्न हिस्सा है।

### कब व कहां से आए पटाखे

इस बात का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है कि कब पटाखे जलाना दिवाली का हिस्सा बन गया मगर इतिहासकारों के अनुसार आतिशबाजी का उपयोग 1400 ईस्वी के बाद शुरू हुआ। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले बारूद के आविष्कार और धमाकों ने लोगों को भयभीत भी किया और मोहित भी शायद इसी से दीपावली पर भी बारूद या पोटाश के बने हुए पटाखे चलाए जाने लगे मगर दिवाली के दौरान पटाखों का उपयोग 18वीं शताब्दी से पहले शुरू नहीं हुआ था तब मराठा शासकों ने आम जनता के लिए आतिश बाजी का आयोजन किया था। आज़ादी के बाद भारतीय उद्योगों ने पटाखों का निर्माण शुरू किया और वे जल्दी ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए।

## अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि के पर्याय त्योहार का महत्व



उजाला

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

ऋतुचक्र अव्यवस्थित है। मेरे जीवनकाल में संभवतः प्रथम अवसर है, जब निज दृष्टि दशहरा से लेकर दिवाली तक के दिवसों में वर्षा, आँधी, चक्रवात, भूस्खलन, मेघ विस्फोट, अतिवृष्टि तथा तुषारापात की साक्षी बनी है। रामलीला आरंभ होने की अवधि से लेकर दिवाली तक तो ऋतु समशीतोष्ण हुआ करती थी। श्रावण, भाद्रपद व अश्विन माहों द्वारा उत्पन्न प्राकृतिक संपदायें एकत्र करने की ऋतु होती थी कार्तिक। किंतु इस वर्ष ये क्या हो गया! संपूर्ण हिमालयी पर्वत श्रृंखला पुष्प की भाँति हो गई है। पर्वत-पर्वत तुषारावृत्त हैं। वहाँ से लेकर मैदानी नगरों-महानगरों तक शीत लहर परिव्याप्त है। कार्तिक माह में ही धरा अति नम होकर मनुष्य की संतुलित मनोवृत्ति को खंडित कर रही है। प्रायः समशीतोष्ण ऋतु प्रभाव से संतुलित रहने वाले संवेदनशील मनुष्यों के मन, हृदय व आत्मा, तीनों प्रस्तर अवसादग्रस्त हैं। हाँ, जो मानव मशीनी सोच-विचार व वैज्ञानिक मस्तिष्क के साथ जीवन में उपस्थित हैं, उन पर ऐसे ऋतु असंतुलन का कोई व कुछ भी अच्छा-बुरा प्रभाव नहीं है। वे अपने भ्रमित, स्वप्निल, क्षणभंगुर व समाप्त प्रायः जीवन को चिर-स्थिर समझ कर धन-संसाधन एकत्र करने की गतिविधियों में संलिप्त हैं। वे विस्मृतियों के पुतले बनते जा रहे हैं। उन्हें व्यतीत दिवस, रात्रि, सप्ताह, माह, वर्ष, पंचतत्वों, जीवन व जैविक गतिविधियों से कोई सरोकार नहीं है। वे प्रगतिवान हैं। वे आगे बढ़ रहे हैं। लक्ष्यहीन होकर कहाँ जा रहे हैं, ये न उन्हें ज्ञात है तथा ना ही उनके आधुनिक मार्गदर्शकों को। इन दिनों दिवाली के स्वागत-कार्यक्रम हो रहे हैं। भारतवर्ष प्राकृतिक एवं आधुनिक आपदाओं को भूलकर हर्षोल्लास में डूबा हुआ है। ऐसा होना स्वाभाविक है। कार्तिक माह का दीपोत्सव है ही ऐसा, जो बीती कितनी ही समस्याओं व दुःखों को भुलाकर आधुनिक ढंग से ही सही, किंतु एक उत्सवजन्य प्रेरणा तो प्रदान करता ही है। आज से बीस, तीस, चालीस या अधिक वर्ष पीछे लौटकर कार्तिक मास के दीपोत्सवी अनुभवों का स्मरण करें तो मन-हृदय व्याकुल हो उठते हैं। तब क्या ऋतु छवि होती थी! कार्तिक मास व्यस्त समय होता था! जन-जन अक्षत खाद्यान्न श्रृंखला के अनेक उत्पादों को एकत्र-संग्रहीत करने खेतों में कार्यव्यस्त होते थे। धान की मनहर सुगंध वायु में प्रसारित रहती थी। जीवन प्राकृतिक व्यवस्था के अधीन एक अथाह आनंद, शांति व संतुष्टि का पर्याय हुआ करता था। कार्तिक माह में जलवायु अनुकूल होती थी। न अधिक ग्रीष्म और न अधिक शीत।



**अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है।**

पूर्णतः समशीतोष्ण। अधिसंख्य मानवों के तन स्वस्थ एवं मन शांत-संतुलित होते थे। दीपावली से एक माह, एक सप्ताह पूर्व का वातावरण कितना उमंगित हुआ करता। प्रमुख खाद्यान्न के रूप में धान की कटाई, छंटाई, एकत्रीकरण एवं भंडारण की गतिविधियां लोकोत्सव में परिवर्तित रहतीं। खेत-खलिहान लोक संस्कृति के वाहक हुआ करते। गीत-संगीत में विशुद्ध मानवता से लेकर पवित्र प्रेम तक के गहन अनुभव होते। संपूर्ण ग्रामीण जीवन किसी स्वर्गिक चलचित्र की भांति प्रदर्शित होता। प्रकृति का मान-सम्मान, स्वागत-सत्कार तथा ऋतुगत अभिवादन-अभिनंदन होता। दुर्गुणों से मानव दूर होता। दीपावली में ग्रामीण हाट-मेले व्यापार व वाणिज्य के स्वदेशी संस्करण बने रहते। यह उपक्रम सदियों से एक महान परंपरा में परिवर्तित होता रहा, जो आधुनिक विसंगतियों के साथ संपन्न तो आज भी रहा है, किंतु अब इसमें महानता व गंभीरता अदृश्य है। अब यह एक व्यावसायिक औपचारिकता हो गया है। अब यह एक नीरस उत्सवी अभ्यास हो चुका है, जो लोक संस्कृतियों, प्रकृतिवत होने की जीवन-युक्तियों, मानवता-सज्जनता की संगतियों से पृथक हो चुका है। अब दिवाली के लिए जो व जैसी भी आधुनिक परिस्थितियां हों अथवा जैसी भी प्राकृतिक विकृतियां उपस्थित हों, दीपक के प्राकृतिक एवं पुरुषोत्तम महत्त्व के साथ मनुष्यों का जुड़ाव आवश्यक है। मानवों के अंदर धीरे-धीरे समाप्त होते मानवीयता के गुणों की रक्षा के लिये अब दिवाली जैसी पारंपरिक पद्धतियों का ही सहारा है।



बिलासपुर

रविवार 19 अक्टूबर 2025

कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

वर्ष : 25, अंक : 207

पृष्ठ : 12+6= 18 मूल्य : 5 .00***


**मौसम**

अधि. 32.2

न्यून. 22.0


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





7

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में विराट ...



दीप पर्व पर विशेष

मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु ...







## पीएम के कार्यक्रम में बदलाव 31 को स्वागत, 1 नवंबर को पांच कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर सरकार भव्य आयोजन करने जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31



अक्टूबर की रात्रि राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। उनके कार्यक्रम में मामूली बदलाव किया गया है। पूर्व में 31 को आगमन के साथ ही सामाजिक संस्थाओं के कार्यक्रमों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मंत्रियों ने तैयारियों का लिया जायजा

छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर सरकार भव्य आयोजन करने जा रही है। नवा रायपुर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वयं पीएम नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। नवा रायपुर के राज्योत्सव ग्राउंड में आयोजन की तैयारी का जायजा लेने के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ ओपी चौधरी सहित मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंकराम वर्मा उपस्थित रहे।

### मेला स्थल पर पीएम आवास का बनेगा मॉडल

राज्योत्सव मेला स्थल पर मुख्य मंच के सामने तीन विशाल डोम बनाए जा रहे हैं। इनमें 60 एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी। मेला स्थल पर लोगों बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की जा रही है। लोगों के प्रवेश के लिए दो द्वार होंगे। एक द्वार विभागीय प्रदर्शनी के लिए होगा। विभागीय प्रदर्शनी में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के साथ ही सार्वजनिक उपक्रमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। मुख्य मंच के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### युद्ध विराम खत्म होते ही पाकिस्तान का अटैक, 10 की मौत, 12 घायल

# पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक से अफगानिस्तान के 3 क्रिकेटरों की मौत, ट्राई सीरीज खेलने से इंकार

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद/काबुल

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक कर दी, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हैं। मृतकों में तीन स्थानीय क्रिकेटरों भी शामिल हैं। इन हमलों ने 48 घंटे के युद्धविराम को तोड़ दिया, जिसने सीमा पर लगभग एक सप्ताह की हिंसक झड़पों को शांत किया था। इस बीच, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले महीने पाकिस्तान में होने वाली ट्वेंटी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला से अपनी राष्ट्रीय टीम का नाम वापस ले लिया है। इधर, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर ताजा हवाई हमले किए हैं, जिसके बाद दोहा में होने वाली अपेक्षित वार्ता और संघर्ष विराम पर खतरा मंडरा रहा है। ये हमले उत्तरी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अफगानिस्तान टीम के क्रिकेटर्स ने हमले पर नाराजगी जताई**



### पाक सेना ने चार साल में किए 1200 हमले

पाकिस्तानी सेना ने पिछले चार वर्षों में 1,200 से अधिक बार अफगानिस्तान की सीमा और 710 बार उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। दोनों देशों के बीच सीमा पर संघर्ष के कारण उनके संबंध और अधिक तनावपूर्ण हो गए हैं। पिछले सप्ताह काबुल पर पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद सैन्य झड़पें शुरू हो गईं।

### इन तीन क्रिकेटर की मौत

शनिवार सुबह अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने एक हृदयविदारक खबर की पुष्टि की। पाकिस्तान की ओर से की गई एयर स्ट्राइक में अफगानिस्तान के तीन उभरते क्रिकेटर कबीर, सिबघतुल्लाह और हारून की मौत हो गई। ये तीनों खिलाड़ी अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत पक्तिका के रहने वाले थे और घरेलू स्तर पर क्रिकेट खेल रहे थे।



### पाक-अफगान में क्यों बढ़ा तनाव

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का मुख्य कारण सुरक्षा मुद्दे हैं। इस्लामाबाद का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर टीटीपी जैसे उग्रवादी समूहों को पनाह देता है, जिसे काबुल ने खारिज किया है। शनिवार से सीमा पर हिंसा तेजी से बढ़ी थी, जब काबुल में विस्फोट हुए उस समय जब तालिबान के विदेश मंत्री भारत की यात्रा पर थे। तालिबान ने इसके बाद पाकिस्तान के साथ दक्षिणी सीमा पर आक्रामक कार्रवाई शुरू की, जिसके जवाब में इस्लामाबाद ने कड़ा रुख अपनाने की बात कही। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने काबुल पर भारत का प्रॉक्सी बनने और पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया।










सीमित अवधि ऑफर

प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू

डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू

विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY^ *Conditions apply

Hero GoodLife — पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*

Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Splendor+ and HF Deluxe in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्ः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

## मथुरा के विश्व प्रसिद्ध मंदिर में 54 सालों से बंद था खजाने का कमरा

# धनतेरस पर खुला आधी सदी से बंद बांकेबिहारी का विशेष कमरा

## 2004 में तोशखाना खोलने के कानूनी प्रयास हुए थे असफल

*यूपी के मथुरा के विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में 54 वर्षों के बाद खजाने का कमरा आज धनतेरस के दिन खोला गया है। मंदिर परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में उत्सुकता और उत्साह का माहौल है, क्योंकि यह कमरा करीब आधी सदी से बंद पड़ा था। इसे मंदिर का खजाना माना जाता है।*

एजेंसी ▶▶| मथुरा

मंदिर में उपस्थित सेवायत गोस्वामी आभास गोस्वामी ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह के ठीक बराबर में स्थित इस कमरे को पुराने समय में सुरक्षा के कारण बंद किया गया था। पहले सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, इसलिए ठाकुर जी के दैनिक उपयोग के सामान जैसे बर्तन, कलसे, स्नान सामग्री आदि को इस कमरे में सुरक्षित रखा जाता था। इसके अलावा चांदी और सोने के छोटे आभूषण स्टेट बैंक मथुरा में जमा करा दिए गए थे।

*अभी चल रही सफाई : शनिवार को कमरे का ताला खोला गया और कुछ लोगों ने अंदर प्रवेश किया। इस कमरे में पानी भरा था, काफी कीच हुई है, अंदर चूहे भी दिखाई दे रहे हैं। फिलहाल साफ-सफाई का काम जारी है।*





### मीडिया के सामने लाया जाएगा खजाना

*खजाने के कमरे की सफाई पूरी होने के बाद ही इसमें मौजूद वस्तुएं श्रद्धालुओं और मीडिया के सामने लाई जाएंगी। मंदिर प्रशासन ने कहा है कि किसी भी वस्तु को निकालने या व्यवस्थित करने से पहले सभी सुरक्षा और धार्मिक नियमों का पालन किया जाएगा। मथुरा में यह ऐतिहासिक अवसर न केवल श्रद्धालुओं के लिए, बल्कि इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। लगभग आधी सदी बाद इस खजाने के खुलने की प्रक्रिया ने पूरे शहर में उत्सुकता और कौतूहल बढ़ा दिया है।*

### अंतिम बार 1971 में खोला गया तोशखाना

*इतिहासकार के अनुसार वर्ष 1971 में तत्कालीन मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष प्यारेलाल गोयल के नेतृत्व में अंतिम बार तोशखाना खोला गया था। ऐसे में कुछ सामान एक सूची बनाकर संपूर्ण सामान को एक बक्से में सील सहित बंद कर मथुरा की भूतेश्वर स्थित स्टेट बैंक में जमा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि मौजूदा मंदिर के निर्माण के वक्त इसमें पूजित करके खजाना स्थापित किया गया था। उसके बाद ठाकुरजी पर चढ़ाए गए पन्ना निर्मित मयूराकृति हार सहित अनेक आभूषण, चांदी, सोने के सिक्के, भरतपुर, करौली, ग्वालियर आदि रियासतों द्वारा प्रदत्त दान-सेवा पत्र भी रखे गए थे। श्रीबिहारीजी के दाहिने हाथ की ओर बने दरवाजे से करीब दर्जनभर सीढ़ी उतरने के बाद बायें ओर की तरफ ठाकुरजी के सिंहासन के एकदम बीचों बीच तोशखाना स्थापित है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान 1926 और 1936 में दो बार चोरी भी हुई थी। इन चोरियों की घटनाओं की रिपोर्ट के चलते 4 लोगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की गई थी। चोरी के बाद गोस्वामी समाज ने तहखाने का मुख्य द्वार बंद करके सामान डालने के लिए एक छोटा सा मोखा (मुहाना) बना दिया था। वर्ष 1971 अदालत के आदेश पर खजाने के दरवाजे के ताले पर सील लगा दी गई थी। वर्ष 2002 में मंदिर के तत्कालीन रिसीवर वीरेंद्र कुमार त्यागी को कई सेवायतों ने हस्ताक्षरित ज्ञापन देकर तोशखाना खोलने का आग्रह किया था।*

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री मोदी 4 दिन में करेंगे 12 रैलियां

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी अक्टूबर के आखिरी हफ्ते से लेकर नवंबर के शुरुआती दिनों तक पूरे बिहार में कई रैलियों को संबोधित करेंगे।



प्रधानमंत्री की पहली रैली 23 अक्टूबर को तय है। इस दिन वे सासाराम, गया और भागलपुर में विशाल जनसभाएं करेंगे। इन इलाकों में बीजेपी और एनडीए की मजबूत पकड़ मानी जाती है, लेकिन विपक्ष भी हर सीट पर दमखम दिखाने में जुटा है।

### अफगानिस्तान से सीखे केंद्र और बीसीसीआई : चतुर्वेदी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी एयर स्ट्राइक के बाद अफगान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने नवंबर में पाकिस्तान के साथ होने वाली अपनी ट्राई-नेशन टी20 क्रिकेट सीरीज रद्द कर दी है। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के इस रुख का हवाला देते हुए शिवसेना यूबीटी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारत सरकार को भी खेलों से ज्यादा देश को प्राथमिकता देनी चाहिए। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा पाकिस्तान के साथ अपनी सीरीज रद्द करने का फैसला अच्छा है।

## गृहमंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम में महागठबंधन पर साधा निशाना


# 'कपड़े बदलकर या चेहरा बदलकर फिर से जंगलराज बिहार में ना आ जाए यह डर'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने एक मीडिया कार्यक्रम में घुसपैठिया, बिहार के विकास, जंगलराज, चुनाव आयोग के एसआईआर समेत कई मसलों पर बात की। उन्होंने कहा हमारी कोशिश है कि कपड़े बदलकर या चेहरा बदलकर जंगलराज फिर से बिहार में ना आ जाए। बिहार में हमारे कार्यकाल के पहले 10 साल में यहां की कानून व्यवस्था सही हुई है। नरसंहार, फिरौती, कत्लेआम का दौर समाप्त हुआ है। इसके बाद हमने सड़कें बनानी शुरू कीं। सामाजिक न्याय के तहत नए युग की शुरुआत हुई। फिर अगले 10 साल में कई बड़े-बड़े निर्माण हुए हैं। गंगा में 10 नए पुल बन रहे हैं और 4 बन चुके हैं। अब जो 10 साल आएंगे, उसमें हम बिहार को औद्योगिक राज्य बनाएंगे। एआई का हब बनाएंगे।

### ध्रुवीकरण के आरोप पर यह कहा

ध्रुवीकरण के आरोप की बात आई तो शाह ने कहा कि मैंने ऐसा कुछ कहां कहा। मेरा शब्द सिर्फ घुसपैठिया है। मैंने हिंदू या मुसलमान घुसपैठिया नहीं कहा है। दिक्कत विपक्ष की है, जो कह रहा है कि मुस्लिम घुसपैठिया है तो उसे रहने दीजिए। यही सांप्रदायिकता है और यही ध्रुवीकरण की राजनीति है। हम तो ऐसा कुछ नहीं कर सकते।



**20 साल का दिया हिसाब रखा 'भविष्य' का रोडमैप**

**बिहार में 6 व 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे मतदान**

### सीट को लेकर एनडीए में कोई विवाद नहीं

*शाह ने सीट बंटवारे को लेकर उपजे मतभेदों पर कहा कि एनडीए में कोई विवाद नहीं है। अमित शाह ने कहा कि हम राजनीतिक दल हैं और सभी की अपनी मांग होती है, लेकिन जब एक बार सीटें तय हो जाती हैं तो फिर सब मिलकर काम करने लगते हैं। राहुल गांधी की ओर से वोट चोरी के सवाल पर अमित शाह ने कहा कि जो देश का नागरिक नहीं है, वह कैसे तय करेगा कि सरकार किसकी होगी। देश का पीएम विदेशी नागरिक थोड़ी तय करेंगे। शाह ने बातचीत में कहा, 'यदि चुनाव आयोग एसआईआर के जरिए घुसपैठियों को निकालता है तो उन्हें तकलीफ क्या है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने घुसपैठ होने देकर अपना वोट बैंक बढ़ाया है।*

### एनडीए को झटका, चिराग की प्रत्याशी अभिनेत्री सीमा का नामांकन रद्द



बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही एनडीए गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। छपरा जिले की मढ़ौरा विधानसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी और प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद्द कर दिया गया है। सीमा के अलावा लोजपा से ही अल्ताफ आलम राजू, निर्दलीय विशाल और बसपा के आदित्य का नामांकन भी रद्द हो गया है। सीमा सिंह भोजपुरी फिल्म जगत की जानी-मानी अभिनेत्री हैं और हाल ही में चिराग पासवान की पार्टी से जुड़कर राजनीति में कदम रखा था। सूत्रों के मुताबिक, सीमा सिंह के नामांकन पत्र की जांच के दौरान कुछ तकनीकी खामियां पाई गईं, जिसके चलते निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन अमान्य घोषित कर दिया। सीमा सिंह का नामांकन रद्द होने के बाद मढ़ौरा सीट पर एनडीए की स्थिति कमजोर मानी जा रही है। मढ़ौरा सीट पर अब सीधा मुकाबला आरजेडी और जनसुराज पार्टी के बीच देखने को मिलेगा। मढ़ौरा के आरजेडी प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राय हैं, जो निवर्तमान विधायक हैं और बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके है।

### 6 नवंबर को होना है पहले चरण का मतदान

गौरतलब है कि बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। एनडीए के जेडीयू और बीजेपी ने 101-101 सीटों पर, एलजेपी (रामविलास) ने 29, जीतनराम मांझी की हम पार्टी और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलकेजे ने 6-6 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। महागठबंधन की अभी सीट शेयरिंग फाइनल नहीं हुई है।

# 8 सीटों पर महागठबंधन से 2 दलों के उम्मीदवार



**राजद और कांग्रेस में छिड़ी है महाभारत**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन में सीटों को लेकर अभी भी सियासी घमासान चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, महागठबंधन के अंदर के दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया हैं, जिससे गठबंधन की रणनीति पर असर पड़ेगा।

बता दें कि अन्य दलों ने अपने उम्मीदवारों के नामों के ऐलान भी कर दिए हैं लेकिन महागठबंधन में अब भी सीटों का पेंच फंस रहा है। अब इन 8 सीटों पर महागठबंधन गुट में महाभारत जैसे हालात पैदा हो गए हैं। कहलगांव- इस सीट पर राजद से रजनीश यादव और कांग्रेस से प्रवीण कुशवाहा उम्मीदवार होंगे। लालगंज- यहां राजद से शिवानी शुक्ला और कांग्रेस से आदित्य राणा चुनाव लड़ेंगे। बछबारा- सीपीआई के अवधेश राय और कांग्रेस से गरीब दास इस सीट के दो प्रत्याशी हैं। गौराबोराम- यहां से राजद से अफजल अली और वीआईपी से संतोष सहनी जो मुकेश सहनी के भाई है, चुनाव लड़ेंगे। वारिसलीगंज 239 से भी महागठबंधन ने दो प्रत्याशियों को उतारा है। कांग्रेस से मनटन सिंह और राजद से कुमारी अनिता ने नामांकन दाखिल किया है। इसी तरह कुछ और सीटों पर भी महागठबंधन प्रत्याशी आमने सामने हो गए हैं।

### एक ही कैंडिडेट ने राजद-वीआईपी से किया नामांकन

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन के दौरान मधेपुरा जिले के आलमनगर विधानसभा क्षेत्र से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक ही प्रत्याशी ई नवीन कुमार उर्फ नवीन निषाद ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी), दोनों के सिंबल पर अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। यह घटना महागठबंधन के भीतर सीट शेयरिंग विवाद की वजह से हुई है, जहां अभी तक सीटों का सटीक बंटवारा नहीं हो पाया है। नवीन कुमार, जो पिछले चुनाव में भी राजद के टिकट पर आलमनगर से चुनाव लड़ चुके हैं।

**बिहार चुनाव में भोजपुरी कलाकारों का रहेगा जलवा, करेंगे प्रचार**

# निरहुआ, पवन, मनोज खेसारी जैसे स्टार मांगेंगे वोट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां पूरे जोरों-शोरों से चल रही हैं। इसी बीच भाजपा ने अपने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें पार्टी के कई राज्यों के मुख्यमंत्री और सीनियर नेता शामिल हैं। खास बात यह है कि इस लिस्ट में भोजपुरी सिनेमा के कई बड़े नाम भी जगह बना चुके हैं। ये कलाकार न केवल बिहार में बल्कि पूरे देश में अपनी लोकप्रियता और फैन फॉलोइंग के लिए जाने जाते हैं।



**भाजपा, कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में हैं शामिल सुपरस्टार**

**पवन सिंह** – भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह ने हमेशा से अपनी फैन फॉलोइंग और काम के जरिए लोगों के बीच गहरी पकड़ बनाई है। पार्टी के लिए वह चुनाव प्रचार में युवा वोटरों तक पहुंच बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।


**दिनेश लाल यादव 'निरहुआ'** – निरहुआ भोजपुरी सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार में से एक हैं। निरहुआ भी यूपी की आजमगढ़ लोक सभा सीट से सांसद रह चुके हैं। उनकी लोकप्रियता और जनता के बीच कनेक्शन के चलते पार्टी ने उन्हें प्रचार की रणनीति में शामिल किया है।

**मनोज तिवारी** – बीजेपी से लंबे समय से जुड़े मनोज तिवारी न केवल अभिनेता बल्कि एक राजनेता भी हैं। तिवारी उत्तर-पूर्व दिल्ली लोक सभा सीट से सांसद हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में उनके राजनीतिक अनुभव और भोजपुरी भाषी जनता के साथ जुड़ाव को देखते हुए उन्हें स्टार प्रचारक बनाया गया है।

*रवि किशन – बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में अपनी पहचान बनाने वाले रवि किशन ने राजनीति में भी अपनी सक्रियता दिखाई है। रवि किशन गोरखपुर लोक सभा सीट से सांसद हैं। वह पार्टी के संदेश को व्यापक स्तर पर फैलाने में मदद कर सकते हैं।*

### महागठबंधन के साथ खेसारी लाल यादव

भोजपुरी एक्टर-सिंगर का जलवा केवल भाजपा-राजग तक सीमित नहीं है। राजद-कांग्रेस महागठबंधन ने भोजपुरी एक्टर और सिंगर खेसारी लाल यादव (शत्रुघ्न कुमार) को छपरा विधान सभा से टिकट दिया है। वे प्रचार भी करेंगे।



### रितेश पाण्डेय जन सुराज पार्टी के साथ

*बिहार चुनाव में नयी चुनौती बनकर उभरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी भोजपुरी एंटरटेनमेंट जगत के स्टार पॉवर से दूर नहीं है। जन सुराज पार्टी ने गायक रितेश पाण्डेय को करगहर विधान सभा सीट से टिकट दिया है।*

### नाव पलटने से 3 भारतीय क्रू की मौत, पांच अभी भी लापता

**मापुटो।** पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में बड़ा बोट हादसा हुआ है, जिसमें 3 भारतीयों की मौत हो गई है। भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मध्य मोजाम्बिक के बेइरा बंदरगाह के पास एक स्थानांतरण अभियान के दौरान लॉन्च बोट 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही थी। इस दौरान यह पलट गई, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। पांच सदस्य अभी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाशी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

**भारत में क्वाड समिट में हिस्सा लें ट्रंप : अमेरिकी सांसद**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के द्विदलीय सांसदों के एक समूह ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिट्ठी लिखकर अपील की है कि वे भारत में होने वाले क्वाड लीडर्स समिट सहित एशिया की अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों. इस पहल का नेतृत्व हाउस फॉरेन अफेयर्स कमिटी के रैंकिंग मेंबर प्रतिनिधि ग्रेगरी डब्ल्यू मीक्स ने किया है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(द्वितीय निविदा निरस्तीकरण सूचना)

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित की ऑनलाईन निविदा, सिस्टम निविदा क्रमांक 174260/ निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./2025-26 राजनांदगांव दिनांक 25.08.2025 को द्वितीय आमंत्रण किया गया था। शासन स्तरीय निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा द्वितीय आमंत्रित निविदा में न्यूनतम निविदाकार द्वारा निविदत्त निविदा दर अत्यधिक होने एवं एकल निविदा होने के कारण निविदा को शासन के अनुशंसा अनुसार शासन हित में निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र.252603063
दिनांक : 04.09.2025

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव
कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-252604270/4



**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**Notice**

No. 20033/CPC/2025 Bilaspur, dated 14/10/2025

**Extension of Tender Submission Date**

As directed, and in continuation of the Registry's Tender Notice No. 18622/CPC/2025, dated 16.09.2025, published for the disposal of e-Waste and scrap materials available in the High Court and in the District & Civil Courts of the State of Chhattisgarh, which are non-functional, out of warranty, or have completed their life span, as per the list attached as Annexure "B" (High Court and District Courts), it is hereby informed that the last date for submission of bid documents for the aforesaid tender has been extended up to 03.11.2025 (Monday).

The technical bids shall now be opened on the next working day, i.e., 04.11.2025 (Tuesday).

All other terms, conditions, and eligibility criteria of the tender shall remain unchanged.

Rajnish Shrivastava
Registrar General
High Court of Chhattisgarh, Bilaspur (C.G.)

G-252604278/1



**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**
**APPLICATION FOR THE POST OF LEGAL ASSISTANT**

**Abridged Advertisement**

Applications for contractual engagement for one year on 10 posts of Legal Assistant in the High Court of Chhattisgarh, Bilaspur on a fixed honorarium of Rs. 30,000/- per month, are invited from fresh Law Graduates who are between the age of 21 years to 30 years as on 01.01.2025. The last date for submission of application form is 17.11.2025. The application form may be downloaded from the official website of High Court of Chhattisgarh.

| Category | Number of posts | Reserved for Women |
|---|---|---|
| UR | 01 | |
| SC | 04 (03 Second & 01 First Time Backlog Posts | Including 01 for Women |
| ST | 05 (04 Second Time Backlog Posts) | Including 01 for Women (Second Time Backlog) |
| OBC | 00 | - |
| Total | 10 Posts | |

Eligibility, application form, conditions of engagement and detailed instructions for the guidance of the candidates are available on the website of the High Court (https:// highcourt .cg.gov.in/).

G-252604271/2 Rajnish Shrivastava, Registrar General



**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**"ADVERTISEMENT"**

Applications are invited for recruitment to the following posts in the establishment of High Court of Chhattisgarh, Bilaspur through CGVYAPAM:-

| Sl. No | Name of Posts | Level in Pay Matrix | | | Total Number of posts |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Junior Judicial Assistant | 4 | | | 124 |
| Cate gory | UR | SC | ST | OBC | Posts Reserved for Divyang |
| No.of Posts | 46 Posts (Including 21 - Women) | 25 Posts (Including 07- Women) | 31 Posts (Including 09-Women) | 22 Posts (Including 06- Women) | Out of total vacancies, 11 posts are reserved for Physical Disabled Persons. |

| Sl. No | Name of Posts | Level in Pay Matrix | | Total Number of posts |
|---|---|---|---|---|
| 2. | Junior Judicial Assistant (Computer) | 4 +200/- S.P. | | 09 |
| Cate gory | UR | SC | ST | OBC |
| No.of Posts | 05 Posts (Including 01 - Women) | 01 Post | 02 Posts | 01 Post |

**Date of Examination: 04.01.2026**

For further details, interested candidates may visit the website of **https://vyapam cg.cgstate.gov.in/**

Sd/-
Registrar General
High Court of Chattisgarh,
Bilaspur

जी - 252604279/2



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र. /सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 224/177701 | S/r, Mow & Deposite Work's In Mekahara Section Under Construction Sub Division No.-02 At - Raipur (c.g.) (द्वितीय आमंत्रण) | रु. 50.00 लाख |
| 250/177702 | Special Repair Work Of Various Roads & Culvert Of Sub Division Abhanpur (part-2) (प्रथम आमंत्रण) | रु. 170.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र.224 सिस्टम टेन्डर नं. 177701 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 31.10.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र.250 सिस्टम टेन्डर नं.177702 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.11.2025 समय सायं 5:30 बजे तक। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड वं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

G-252604248/2



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) कोरबा (छ.ग.)**
कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल, email id miningkorba@gmail.com

क्रमांक/866/रेत/ई-निविदा/प्र.च./02 पंचा./2025 कोरबा, दिनांक 16/10/2025

**रेत खदानों के आबंटन हेतु नीलामी सूचना**

1. निविदा क्रमांक-
01 MSTC/RPR/Chhattisgarh/Korba Tender/1/25-26/38501
2. निविदा क्रमांक-
02 MSTC/RPR/Chhattisgarh/ Korba Tender/2/ 25-26/38503

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला कोरबा (छत्तीसगढ) द्वारा छत्तीसगढ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम 7 अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से प्रथम चरण में 1. ग्राम तरईमार तहसील करतला 2. ग्राम सिर्री तहसील पसान में उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदार इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है। इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रारंभ करने की आरंभिक तिथि 07.11.2025 (सुबह 10.00 बजे से) तथा अंतिम तिथि 13.11.2025 (शाम 05.00 बजे तक) है।

इच्छुक बोलीदार खदानों का आबंटन हेतु इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की एमएसटीसी के वेबसाइट नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp, जिले के वेबसाइट https://korba.gov.in एवं https://chhattisgarhmines.gov.in/ तथा कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) कोरबा एवं संबंधित ग्राम पंचायत/जनपद / जिला पंचायत भवन के सूचना पटल से प्राप्त कर सकता है।

बोली में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीदार निम्न लिंक का उपयोग कर सकते है एमएसटीसी लिंक https://www.mstcecommerce. com/ auctionhome/ mmb/sandcg/index.jsp

कलेक्टर
जिला कोरबा (छ.ग.)

G-252604273/1

# स्मॉग टावर प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पटाखा, धूल, सड़कों की खुदाई तथा उद्योगों से निकलने वाला जहरीला धुंआ के कारण राजधानी रायपुर की हवा लगातार प्रदूषित होती जा रही है, जिसका असर मानव जीवन पर भी पड़ रहा है। इससे खांसी, गले में खराश, सांस फूलना, अस्थमा जैसे रोग से लोग ग्रसित हो रहे हैं। इधर शहर में वायु में बढ़ते प्रदूषण की चिंता करते हुए इसे कम करने के लिए 6 साल पहले केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड ने 4 स्मॉग टावर स्थापित करने के निर्देश दिए थे, जिसके लिए राशि को मंजूरी भी दी गई थी, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है।

### साढ़े चार करोड़ की लागत से शहर के चारों दिशाओं में लगने थे स्मॉग टावर

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड ने वर्ष 2019-20 में रायपुर शहर में वायु प्रदूषण की जांच कराई थी। इस जांच में प्रदूषण की रिपोर्ट पर बोर्ड ने चिंता जाहिर करते हुए शहर में 4 स्थानों पर बड़े स्मॉग टावर लगाने के निर्देश दिए थे, साथ ही लगभग 14 हॉट स्पॉट पर मशीनों से प्रदूषित हवा को साफ करने का प्रोजेक्ट बनाने कहा था। केंद्रीय पर्यावरण बोर्ड के निर्देश पर प्रशासन ने प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्ताव बनाया था। इस प्रस्ताव के तहत 15वें वित्त आयोग के मद से लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की मंजूरी भी दी गई थी, वहीं स्मॉग टॉवर लगाने के लिए नगर निगम प्रशासन को एजेंसी बनाया गया है। सूत्रों से यह भी जानकारी सामने आई है कि नगर निगम के बाद स्मॉग टावर लगाने की जिम्मेदारी जिला पर्यावरण विभाग को सौंप दी गई थी। हालांकि इस मामले में अब नगर निगम और पर्यावरण विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### हॉट स्पॉट ही चिन्हांकित नहीं कर पाए अफसर

रायपुर में स्मॉग टावर लगाने के लिए रायपुर में सबसे ज्यादा प्रदूषित 14 हॉट स्पॉट को चिन्हांकित किया जाना था। इनमें से 4 स्पॉट पर स्मॉग टावर लगाए जाने थे। इसकी जिम्मेदारी आईआईटी के अफसरों को सौंपी गई थी। इन्हें हर मौसम में हॉट स्पॉट की स्थिति जांच करने के साथ ड्राइंग डिजाइन तैयार कर इसकी रिपोर्ट प्रशासन को देना है। इस तरह रिपोर्ट और ड्राइंग डिजाइन के अनुसार ही स्मॉग टावर लगाने का काम किया जाना था, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह रिपोर्ट ही नहीं बनाई गई है।

**इस तरह काम करेगा स्मॉग टावर :** बड़े स्मॉग टावर की ऊंचाई करीब 24 मीटर होती है। 18 मीटर कंक्रीट टावर और उसके 6 मीटर ऊपर छत पर मशीनें लगाई जाती हैं। इसमें 40 पंखे भी लगाए जाते हैं, जो चारों तरफ 10-10 की तादाद में लगते हैं।

सावधान रहें...सतर्क रहें

## गुणवत्ता का पता लगाने सावधानी बरतना बेहतर

रायपुर। इस बार दिवाली पर केवल रायपुर जिले में 20 करोड़ की मिठाई बिकने की संभावना है। इनकी गुणवत्ता की जांच करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम केवल 92 तरह की मिठाइयों के नमूने जांच के लिए उठा पाई है। इनकी रिपोर्ट आने में तीन महीने और लापरवाही पर दंड के लिए सालभर का वक्त लग जाएगा। ऐसे में अगर मिलावटी मिठाई बिकती भी हैतो उसे रोकने का कोई इंतजाम नहीं है। जिले में मिठाइयों की एक हजार के लगभग छोटी-बड़ी दुकानें हैं। इन दुकानों में दिवाली में लगभग 20 करोड़ का कारोबार होता है। यहां बिकने वाली मिठाइयों सहित अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के लिए दर्जनभर खाद्य निरीक्षक औपचारिकता पूरी करते हैं।

# छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स दीपावली मिलन समारोह 21 को

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का दीपावली मिलन समारोह 21 अक्टूबर को बांबे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल व्यापार एवं उद्योग भवन के सभागार में आयोजित है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रदेश के व्यापारियों, उद्योगपतियों और सदस्यों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ व खुशहाल जीवन की कामना की है। श्री थौरानी ने चैंबर के सभी सदस्यों को चैंबर द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे चैंबर की ओर से आयोजित दीपावली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु शामिल होंगे।

**खास बातें**

- बांबे मार्केट स्थित चैंबर सभागार में आयोजन
- बड़ी संख्या में जुटेंगे व्यापारी बंधु

### पंडरी स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में दीपावली मिलन 21 को

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ द्वारा दीपावली मिलन समारोह 21 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से कैट के प्रदेश कार्यालय, प्रथम तल, पगरिया कॉम्प्लेक्स पंडरी में आयोजित किया जा रहा है। कैट छत्तीसगढ़ के प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंह देव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि यह आयोजन व्यापारी समाज के बीच आपसी सौहार्द, एकता और उत्साह का प्रतीक है। दीपावली मिलन समारोह में व्यापारी, उद्योगपति, युवा व्यापारी, महिला उद्यमी एवं विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारी एवं छत्तीसगढ़ के नागरिकों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा दीपों का यह पर्व हमें उजाले और सकारात्मकता की ओर अग्रसर करता है। हम सब मिलकर 'सशक्त स्वदेशी समृद्ध व्यापारी' के मंत्र के साथ इस पर्व को एकता, उत्साह और राष्ट्रीय भावना के साथ मनाएं।

## भाजपा कार्यालय में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी थीम पर रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में दिवाली व धनतेरस के पावन पर्व पर आज हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी थीम पर रंगोली बनाकर स्वदेशी का संदेश दिया। रंगोली बनाने में महिला व बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी मदद की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, विधायक अनुज शर्मा, महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, अशोक बजाज, चंदूलाल साहू, मितुल कोठारी एवं प्रीतेश गांधी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### धनतेरस पर बरसा...

बाद ही मिल पाएंगी। दूसरा सबसे बड़ा कारोबार सराफा में हुआ। प्रदेश में ग्राहकों ने हजार करोड़ का सोना और चांदी लिया है। रीयल एस्टेट में इस समय हल्की मंदी है। ऐसे में इस बार ज्यादा से ज्यादा 200 करोड़ का ही कारोबार हो पाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर में 600 करोड़ का कारोबार हुआ है। गांव के लोगों ने भी महंगे मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम लिए हैं। इसके अलावा बर्तन, फर्नीचर, कपड़ा बाजार, मिठाई और गिफ्ट आइटम को मिलाकर 600 करोड़ का कारोबार हुआ। सभी सेक्टरों को मिलाकर एक ही दिन में करीब चार हजार करोड़ का कारोबार हुआ।

राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों के बाजार में धनतेरस पर दोपहर के बाद खरीदारी करने के लिए ग्राहक पहुंचे। सबसे ज्यादा रस रात के समय रहा। रात के समय लोगों ने फुर्सत के साथ अपनी पसंद के सामानों की खरीदारी की। हर सेक्टर के बाजार में सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों का मेला लगा रहा।

### उम्मीद से ज्यादा...

हजार कारों की बुकिंग थी। कारों की सप्लाई कम होने के कारण ग्राहकों को प्रदेश भर में तीन हजार कारें ही मिल सकीं हैं। बची कारों के कल तक मिलने की संभावना है। इसके अलावा ऑटो, कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर और अन्य वाहन भी बिके। कुल मिलाकर 1200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। फाडा के छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विवेक गर्ग के मुताबिक इस बार बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है। इस बार जीएसटी कम होने के कारण बुकिंग भी बहुत हुई है। कारों की पूरी डिलीवरी नहीं हो सकी है। रविवार और सोमवार को बची कारों की डिलीवरी होने की संभावना है।

### बजट के हिसाब...

वे लोग भी सोने में ही निवेश कर रहे हैं। सराफा कारोबारियों के मुताबिक एक ही दिन में पूरे प्रदेश में हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। रायपुर सराफा कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने बताया धनतेरस पर सोने से ज्यादा चांदी के सिक्के खूब बिके। इसी के साथ चांदी का अष्टलक्ष्मी लोटा, श्रीयंत्र, कुबेर यंत्र, लक्ष्मी-गणेश मूर्ति, कछुआ की ज्यादा बिक्री हुई है। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक सोने और चांदी के दाम ज्यादा होने के बाद भी कारोबार कम नहीं हुआ है।

### गरियाबंद भी होगा...

**महंगे मोबाइल और एलईडी खूब बिके -**

इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों में एसी, कंप्यूटर, फ्रिज, वॉशिंग मशीन सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स के साथ मोबाइल का भी जमकर कारोबार हुआ। कई कंपनियों ने नए मॉडल लांच किए हैं। मालवीय रोड व्यापारी संघ के राजेश वासवानी के मुताबिक जीएसटी कम होने के कारण कारोबार ज्यादा हुआ है। गांवों के लोगों ने भी महंगे मोबाइल के साथ महंगे एलईडी की खरीदारी की है। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल सेक्टर को मिलाकर प्रदेश भर में 600 करोड़ का कारोबार हुआ है।

**रीयल एस्टेट में मंदी -**

रीयल एस्टेट धनतेरस पर इस बार बीते साल से कम कारोबार हुआ है। रीयल एस्टेट में इस समय मंदी का दौर चल रहा है। ऐसे में इस बार राजधानी रायपुर के साथ भिलाई, दुर्ग, कोरबा, बिलासपुर सहित हर शहर में जो योजनाएं चल रही हैं, इनमें मुश्किल से सौ करोड़ का ही कारोबार हो सका है। करीब सौ करोड़ के प्लाट भी बिके हैं। बिल्डरों के मुताबिक जिनको घरों की जरूरत है, वे ही लोग अब घर ले रहे हैं। निवेश करने वाले सोने और चांदी की बढ़ती कीमतों के कारण उसमें निवेश कर रहे हैं।

### एसपी ने की...

करना चाहता है, वह बेझिझक सीधे मुझसे संपर्क करें — मैं और मेरी टीम उसकी और उसके परिवार की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेंगे।

### अपना नंबर दिया,...

बल्कि सोच और दिशा में परिवर्तन का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य केवल नक्सलियों को पकड़ना नहीं, बल्कि उन्हें यह समझाना है कि अब असली संघर्ष विकास और शिक्षा के रास्ते से ही संभव है।

### ढाका इंटरनेशनल एयरपोर्ट...

बांग्लादेश नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने कहा कि हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दोपहर में आग लग गई, जिसके बाद दो दर्जन से ज्यादा दमकल गाड़ियों को तैनात किया गया और अतिरिक्त टीमें घटनास्थल पर भेजी गयीं। अग्निशमन सेवा के प्रवक्ता तल्हा बिन जासिम ने कहा, हमें अपराह्न 2:30 बजे सूचना मिली और हमने हवाई अड्डे पर तैनात दमकल वाहनों की मदद के लिए और दमकल गाड़ियां भेजीं।

### पीएम के कार्यक्रम...

में वे शिरकत करने वाले थे। लेकिन अब सभी कार्यक्रम 1 नवंबर को होंगे। 31 को छत्तीसगढ़ पहुंचने के बाद उनका भव्य स्वागत होगा। स्वागत के बाद वे रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 1 नवंबर को पांच कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

1 नवंबर के कार्यक्रमों में नया रायपुर अटल नगर में राज्योत्सव स्थल पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा वे शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेंटर एकेडमी फार ए पीसफुल वर्ल्ड "शांति शिखर" का शुभारंभ और सत्य सांई हॉस्पिटल में हृदय का ऑपरेशन कराने वाले बच्चों से चर्चा करेंगे। नए विधानसभा भवन के लोकार्पण और राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर सभाएं होंगी। इन आयोजनों के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### मेला स्थल पर...

नजदीक ही डिजिटल प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। मेला स्थल पर प्रधानमंत्री आवास का मॉडल भी बनाया जाएगा।

### पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक...

वजीरिस्तान में एक सैन्य प्रतिष्ठान पर आतंकवादियों के हमले के बाद और दो दिवसीय संघर्ष विराम को बढ़ाए जाने के कुछ ही घंटों बाद किए गए। पाकिस्तानी सेना की ओर से कोई बयान नहीं आया है। दूसरी ओर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हाफिज गुल बहादुर समूह ने शुक्रवार तड़के मीर अली में खड्डी किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि उन्होंने हमले को नाकाम करते हुए सभी चार हमलावरों को मार गिराया।

सुरक्षा सूत्रों ने दावा किया है कि हाफिज गुल बहादुर समूह के ठिकानों पर सटीक हमले किए गए, जिनमें कथित तौर पर दर्जनों लड़ाके मारे गए। समाचार पत्र की खबर के अनुसार पाकिस्तान ने शुक्रवार देर रात अंगूर अड्डा क्षेत्र और अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत के उरगुन व बरमल जिलों में आतंकवादियों के ठिकानों को भी निशाना बनाया। खबर के अनुसार पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्रों ने कहा है कि अफगान सरकार और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्षविराम समझौते में आतंकवादी संगठनों और उनके ठिकानों पर हमले करने की बात शामिल नहीं है। ये ताजा हमले ऐसे समय में हुए हैं जब दोनों देशों के प्रतिनिधियों की दोहा में बैठक होने वाली थी, जहां कतर सरकार मध्यस्थता के लिए प्रयास कर रही थी। समाचार पत्र ने बताया कि शुक्रवार रात हुए ताजा हमलों के बाद संघर्ष विराम और दोहा में होने वाली वार्ता दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। सुरक्षा से जुड़े एक सूत्र ने शुक्रवार को प्रारंभिक 48 घंटे के संघर्षविराम के समापन पर कहा था, पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों ने कतर के दोहा में वार्ता होने तक संघर्षविराम को आपसी सहमति से बढ़ा दिया है। वार्ता शुरू होने की उम्मीद है। अफगानिस्तान से प्राप्त जानकारी से पता चलता है कि तालिबान प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्री मुल्ला याकूब मुजाहिद और खुफिया प्रमुख मुल्ला वसीक शामिल होंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक और विदेश मंत्री इस्हाक डार के बीच देर शाम हुई बैठक में संकेत मिले कि जनरल मलिक दोहा की यात्रा कर सकते हैं।

**ट्रंप ने कहा-संघर्ष को हल कराना मेरे लिए आसान-**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि 'अगर' उन्हें दोनों देशों के बीच संघर्ष को हल कराने की जरूरत पड़ी तो यह उनके लिए 'आसान' बात होगी। ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ भोज के दौरान मीडिया से कहा, 'मैं समझता हूं कि पाकिस्तान ने हमला किया या अफगानिस्तान के साथ संघर्ष जारी है, अगर मुझे इसे सुलझाना है तो यह मेरे लिए आसान है। ट्रंप ने लाखों लोगों की जान बचाने का एक बार फिर दावा किया और साथ ही यह आश्वासन भी दिया कि उन्हें अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को सुलझाने में 'सफलता' मिलेगी। **कप्तान राशिद बोले- ये बर्बरता है-** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तीन स्थानीय क्रिकेटरों की हवाई हमलों में मौत को "पूरी तरह से अनैतिक और बर्बर" करार दिया। उनकी टिप्पणी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा अगले महीने पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ट्राई सीरीज से टीम की वापसी की घोषणा के बाद आई। एसीबी ने कहा कि यह अफगानिस्तान के खेल समुदाय, उसके खिलाड़ियों और क्रिकेट परिवार के लिए एक बड़ी क्षति है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल**

अनुलग्नक–अ

कार्य का विवरण – टेंगनमाड़ा (TGQ), खोंगसरा (KGS), खोडरी (KOI) रेलवे स्टेशनों के परिचालित क्षेत्र में सामान्य संरचनाओं का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर डिजिटल) आउट ऑफ होम। (OOH) विज्ञापन, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। लाइसेंस धारी की लागत पर 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिये लाइसेंस।

पांच (05) वर्षों की अवधि के लिये टेंगनमाड़ा (TGQ), खोंगसरा (KGS), खोडरी (KOI) रेलवे स्टेशनों के परिचालित क्षेत्र में सामान्य संरचनाओं का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर डिजिटल) आउट ऑफ होम। (OOH) विज्ञापन, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। लाइसेंस धारी की लागत पर 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिये लाइसेंस। केटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps/gov.in पर दिनांक 10.10.2025 को प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:–

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी दिनांक/समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| OOH-KOI-TGQ-KGS | Advertising-Out of Home | 05-11-25 12:00:00 | ADVT-BSP-KOI-OH-188-25-1 | टेंगनमाड़ा (TGQ), खोंगसरा (KGS), खोडरी (KOI) रेलवे स्टेशनों के परिचालित क्षेत्र में सामान्य संरचनाओं का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन कार्य (गैर डिजिटल) आउट ऑफ होम। (OOH) विज्ञापन, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफुट है। लाइसेंस धारी की लागत पर 05 (पांच) वर्षों की अवधि के लिये लाइसेंस। | 1096 दिन |

सीपीआर/10/FL/388 मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


**गुमशुदा सूचना**



आशीष बंसल

**नाम : आशीष बंसल,** पिता-शिवचरण बंसल, कलकत्ता निवासी, उम्र : 50 साल, **रंग :** सावला, 27.08.2025 दोपहर 2.00 बजे लगभग, लापता **स्थान :** गिरौधपुरी बाजार, गिरौधपुरी, सफेद रंग की shirt और grey pants, **निसान :** छाती पर ऑपरेशन का दाग और दाहिने पाव पर भी ऑपरेशन का दाग।

**फोन नं. : 6289222071 / 9477425055**

**पता बताने वाले को उचित इनाम राशि दी जाएगी**


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध निर्माण कार्य हेतु निविदा सूचना**

निविदा क्रमांक : डीसीई–I–आर–25–26–02 (आपेन ई–टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

**कार्य का नामः** डीएलबीएस–दुर्ग के बीच "4वीं लाइन का निर्माण 3.00 किमी" के संबंध में डीएलबीएस–दुर्ग के बीच निर्माण में मिट्टी के काम का निष्पादन, छोटे पुल का निर्माण, ईआई गुमटी, ईआई भवन, सर्विस रोड, नाली, पी–वे कार्य, गिट्टी की आपूर्ति और अन्य संबद्ध विविध कार्य।

अनुमानित लागतः ₹ 20,96,84,616.80/- अमानत राशिः ₹ 11,98,400.00/-। निविदा दस्तावेज की लागत : शुन्य। कार्य पूरा होने की अवधि : स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 (बारह) माह। निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक : 11.11.2025 को 15:00 बजे तक। निविदा खोलने होने का समय एवं दिनांक : 11.11.2025 को 15:30 बजे।

निविदा दस्तावेज की पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए कृपया उप मुख्य अभियंता कॉन एस.ई.सी. रेलवे खरून रेल विहार कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन–492009 के कार्यालय से संपर्क करें या हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I
सीपीआर/10/393 द.पू.म. रेलवे, रायपुर

South East Central Railway X@secrail



**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (जोन क्र. 02)**

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र./1230/न.पा.नि./जोन 02/लोनिवि/2025-26 तिफरा, दिनांक 17/10/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 07.11.2025 समय 17.30 Hours (IST) तक आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 177896 | Construction of B.T., C.C. raod and drain under integrated development in Tifra area. | 597.41 | 2,99,000 |

निविदा की सामान्य शर्तें, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 17/10/2025 से डाउनलोड/देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (जोन क्रमांक-02)
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City






**कार्यालय नगर पंचायत बरमकेला, जिला- सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक /845/ लो.नि.वि./न.पं.ब/2025-26 बरमकेला, दिनांक : 17/10/2025

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

एतद् द्वारा नगर पंचायत बरमकेला, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ में विभिन्न कार्यों हेतु निविदा प्रपत्र "ए" में CG PWD BUILDING & ROAD SOR 01.01.2015 के आधार पर छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों एवं स्थानीय फर्मो से मैनुअल निविदा त्रि–लिफाफा पद्धति से मुहरबंद निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि– 07/11/2025 सायं 3.00 बजे तक
2. आवेदन परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि– 10/11/2025 सायं 3.00 बजे तक
3. निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि– 14/11/2025 सायं 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि– 14/11/2025 सायं 04.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परींटार मुक्तिधाम के पास आर.सी.सी. पुलिया निर्माण। | 2.83 | 3000/- | 750/- | 01 माह |
| 2 | सी घसिया इजारदार घर से चित्रो घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 7.05 | 7000/- | 750/- | 01 माह |
| 3 | वार्ड क्र. 03 उग्रसेन घर से बिलाईगढ़िया घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। | 5.93 | 6000/- | 750/- | 01 माह |

टीप:– 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 2. निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। 3. शासन से प्राप्त राशि अनुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बरमकेला


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार मस्तूरी, जिला-बिलासपुर**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-19/2024-25
ग्राम-मल्हार

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम मल्हार प.ह.नं. 35, रा.नि.मं., मल्हार, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार कैवर्त, अध्यक्ष, मां डिडिनेश्वरी मंदिर ट्रस्ट लोक न्यास मल्हार में दर्शनार्थियों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी होने से श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधाओं जैसे वाहन पार्किंग, ज्योति कलश, भण्डारा, धर्मशाला भवन, रसोई भवन, मंदिर की सुरक्षा कर्मी भवन हेतु भूमि आबंटन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो, अनुविभागीय अधिकारी रा. मस्तूरी के माध्यम से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायलय में प्राप्त हुआ है। खसरा न. 1469/2 मंदिर के पास स्थित है

अत: इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति दावा हो तो इस न्यायलय में दिनांक 22/10/25 को आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं शीलमुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
मस्तूरी

# पीएम के स्वागत की तैयारियों का डिप्टी सीएम साव, मंत्री चौधरी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



छत्तीसगढ़ के स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर सरकार भव्य आयोजन करने जा रही है। नवा रायपुर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। नवा रायपुर के राज्योत्सव ग्राउंड में आयोजन की तैयारी का जायजा लेने के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ ओपी चौधरी सहित मंत्री केदार कश्यप, मंत्री टंकराम वर्मा तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर की रात्रि राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और अगले दिन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान नए विधानसभा भवन के लोकार्पण और राज्योत्सव के शुभारंभ अवसर पर सभाएं होंगी। राज्योत्सव का आयोजन रायपुर के साथ सभी जिला मुख्यालयों पर तीन दिवसीय कार्यक्रम (2 से 4 नवंबर) के रूप में किया जाएगा। राज्योत्सव की थीम "25 वर्षों की विकास यात्रा" रहेगी। थीम के तहत राज्य के सभी जिलों में विभागीय उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। प्रत्येक जिला मुख्यालय में 2 से 4 नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी, जिनमें राज्य के 25 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। शासन ने निर्देश दिया है कि ये कार्यक्रम शालीन और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध हों, किसी प्रकार की अभद्रता या आपत्तिजनक प्रस्तुति नहीं होनी चाहिए।

# ऋण पुस्तिका छपवा नहीं पा रहे, तो उसकी उपयोगिता समाप्त कर दी

**कृषि भूमि की रजिस्ट्री के लिए ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता खत्म होने से किसान असुरक्षित होंगे**

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार ने कृषि भूमि की रजिस्ट्री के समय ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त कर दी। सरकार का यह कदम अदूरदर्शी है। ऋण पुस्तिका एकमात्र ऐसा दस्तावेज है, जो राजस्व विभाग की तरफ से भू-स्वामी के अधिकार को प्रमाणित करता है। वर्षों से किसान किताब भरोसे का प्रतीक है तथा ऋण पुस्तिका किसानों को उनके जमीन के मालिक होने का अहसास जताता है। उन्होंने कहा, बी-1 खसरा खतौनी सभी कुछ तो ऑनलाइन है।कोई भी, कहीं से भी निकाल सकता है। ऋण पुस्तिका को किसान के लिए पटवारी बना कर देता है। यह उसकी भूमि का प्रमाणित दस्तावेज होता है, जिसमें उसकी फोटो भी लगती है। बिक्री के समय रजिस्ट्रार द्वारा किसान की ऋण पुस्तिका अनिवार्य रूप से परीक्षण किया जाता था। सरकार द्वारा ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त करने से फर्जी रजिस्ट्री और धोखा होने की संभावना बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा, यह निर्णय जमीन खरीदने बेचने वाले दोनों के हितों के खिलाफ है। सरकार नई ऋण पुस्तिका की छपवाई नहीं कर पा रही तो उसने इसकी उपयोगिता ही समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है, यह कदम जन विरोधी है।

# अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन के सख्त निर्देश- रोक लगाने के साथ एफआईआर करें, अफसर कर रहे सिर्फ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

जिला प्रशासन के सख्त निर्देश जारी किए जाने के बाद भी रायपुर नगर निगम सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग के बड़े खेल चल रहे हैं। नगर निगम और प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम इसकी सूचना पर मिलने पर लगातार कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाटिंग पर रोक भी लगा रही है, लेकिन यह कार्रवाई खानापूर्ति से कम प्रतीत नहीं होती, क्योंकि इस मामले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध अब एफआईआर ही नहीं कराई जा रही। पिछले दो महीने में जिले में अवैध प्लाटिंग से संबंधित दो दर्जन से अधिक जगहों पर राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई की है, लेकिन इनमें से एक भी प्रकरण में प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध एफआईआर नहीं कराई गई।

अवैध प्लाटिंग के ज्यादातर प्रकरणों में राजस्व विभाग के अफसर अवैध प्लाटिंग कौन करा रहा था, इसका पता ही नहीं लगा पाते। अगर पता लगा भी लेते हैं, तो खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए उनके विरुद्ध सिर्फ नोटिस जारी किया जाता है। इस नोटिस का कई लोग जवाब तक नहीं देते। इस तरह मामले की फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इधर कई केस में यह भी देखा गया है कि राजस्व विभाग की कार्रवाई के बाद भी भूमि मालिक या भू-माफिया उसी भूमि पर अवैध प्लाटिंग का कार्य दोबारा शुरू कर देते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में डूमरतराई क्षेत्र में सामने भी आया है। यहां कुशाभाउ ठाकरे परिसर मुख्य गेट के सामने राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई कर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई थी, लेकिन इस कार्रवाई के दूसरे दिन ही यहां दोबारा काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद दोबारा यहां कार्रवाई ही नहीं की गई।

अवैध प्लाटिंग के सैकड़ों प्रकरणों में एफआईआर के लिए आवेदन जिले के विभिन्न थानों में भी डंप हैं। इन आवेदनों में पुलिस को एफआईआर करना है, लेकिन राजस्व विभाग की ओर से भूमि से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण इन प्रकरणों पर एफआईआर नहीं हो पा रही है। नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 300 से ज्यादा अवैध प्लाटिंग के मामले सामने आ चुके हैं।

# सीएम के सलाहकार सहित तीन आयोग अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा

**रायपुर।** राज्य शासन ने मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा सहित तीन आयोग के अध्यक्षों को मंत्री का दर्जा दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश में रूप नारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग को कैबिनेट मंत्री, बिसेसर पटेल अध्यक्ष गोसेवा आयोग, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा को कैबिनेट मंत्री और विश्व विजय सिंह तोमर अध्यक्ष युवा आयोग को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार के लिए प्रदान करता है।

# राज्य का आदि कर्मयोगी अभियान और पीएम जनमन योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। आदि कर्मयोगी अभियान और प्रधानमंत्री जनमन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राज्य को आज भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। यह सम्मान दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। राज्य सरकार और जनजातीय विकास विभाग की ओर से यह सम्मान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने राष्ट्रपति से प्राप्त किया। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इस मौके पर पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में जनजातियों और विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की




कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिलों में जनजातियों के विकास में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुआल ओराम तथा राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके, जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव विभु नायर भी उपस्थित थे।

### पांच जिलों को 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड'

कार्यक्रम में धमतरी और कोरिया जिलों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनजाति विभाग के स्टेट ट्रेनर ललित शुक्ला को भी व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत मोहला-मानपुर, बालोद, दंतेवाड़ा और धमतरी जिलों को 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड' मिला, जो इस बात का प्रमाण है कि जनजातीय सेवा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को राज्य के प्रत्येक जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस मौके पर धमतरी कलेक्टर अविनाश मिश्रा, कोरिया कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी, बालोद कलेक्टर दिव्या मिश्रा एवं दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत उपस्थित थे।

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्कः 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

# डीके का बर्न यूनिट तैयार, हेल्थ सेंटरों में तीन दिन की इमरजेंसी, मरीज निराश लौटे तो कार्रवाई की चेतावनी

रायपुर। दिवाली के दौरान पटाखों से झुलसने वालों के उपचार के लिए डीके अस्पताल के बर्न यूनिट को अलर्ट किया गया है। इसी तरह जिले के तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में तीन दिन इमरजेंसी के हिसाब से डाक्टरों सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें चेतावनी दी गई है कि आने वाले मरीज जरूरी इलाज के बिना लौटते हैं, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के मद्देनजर आंबेडकर अस्पताल के ट्रामा और नेत्र रोग विभाग में भी आने वाले मरीजों के उपचार के विशेष इंतजाम किए गए हैं। यहां रोस्टर के आधार पर डाक्टरों की ड्यूटी लगाने के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की तैनाती भी की गई है। पटाखों के इस त्योहार में थोड़ी चूक के दौरान लोग झुलस जाते हैं। इसे ध्यान रखते हुए डीके हास्पिटल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डाक्टरों की तैनाती की गई है। हास्पिटल के आपात कालीन विभाग के डाक्टरों को भी निर्देशित किया गया है कि आने वाले मरीजों को आवश्यकता के अनुसार उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी अगले तीन दिन तक आपातकालीन सेवा को अलर्ट रखा गया है।

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- मैनेजर 1पद (25वर्ष से ऊपर) एवं झाड़ू पोछा हेतु कर्मचारी चाहिए वेतन 10000 भोजन आवास ग्रामीणों को निःशुल्क ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 9406390898 (38928)

आवश्यकता है- ऑफिस में साफ सफाई, अन्य कार्य हेतु 2 कर्मचारी चाहिए योग्यता 8वी, स्वयं का वाहन आवश्यक। स्थानीय को प्राथमिकता पेमेंट 6000 से 12000 पता- थायरोकेअर सर्विसेस तिलक नगर बिलासपुर 7869861230 (38922)

आवश्यकता है- सीसीटीवी कैमरा की वायरिंग एवं फिटिंग के लिए युवकों एवं एक चौकीदार चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- पारस इंटरप्राइजेज GF-26, अम्बे अंजनी ई प्लाजा, सीएमडी कॉलेज चौक, बिलासपुर 9826598526, 98932 81946 (38923)

आवश्यकता है- कार चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यक्ता है। वेतन योग्यता अनुसार अनुभवी लाइसेंसी व्यक्ति सम्पर्क करें- वाईज टूथ डेंटल, क्लीनिक कुदुदण्ड बिलासपुर 7489831153 (38911)

आवश्यकता है- आफिस कार्य हेतु रिसेप्शनिस्ट लड़की एवं सेल्स कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- डिजिटल सिक्योरिटी सर्विस सुपर मार्केट थर्ड फ्लोर अग्रसेन चौक बिलासपुर 9009966619, 9669932199 (38927)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (38921)

आवश्यकता है- एजेंसी में कार्य, बिलिंग करने, प्रोडक्ट देने हेतु युवक और एक अनुभवी शिक्षित मार्केटिंग मैनेजर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- शिवा इन्टरप्राइजेस अरपा काम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 70677124226, 98930 81826 (38916)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने के लिए महिला/ लड़की की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी वसंत विहार चौक लोयला स्कूल के बाजू में बिलासपुर 7974770055, 8889997826 (38912)

**राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज**
चंदखुरी दुर्ग (छ.ग.)

आयुर्वेद पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश सूचना

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा (आयुष) मंत्रालय द्वारा अनुमति तथा छत्तीसगढ़ सह-चिकित्सा परिषद छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त एक वर्षीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

| क्र. | पाठ्यक्रम | सीटों की संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1. | आयुर्वेद कम्पाउंडर | 30 |
| 2. | पंचकर्म सहायक (तकनीशियन) | 30 |

योग्यता :- 10 + 2 प्रणाली की बायोलॉजी विषय के साथ छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल अथवा समकक्ष मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण

आवेदन शुल्क 1000/- रू. का बैंक ड्राफ्ट/नगद के साथ अंतिम तिथि 29.10.2025 तक सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ महाविद्यालय के पते पर सीधे/ डाक द्वारा कार्यालयीन अवधि में आवेदन पत्र जमा किए जा सकते हैं।

1. शासकीय /निजी संस्थान में नियुक्ति हेतु मान्य
2. छत्तीसगढ़ शासन पैरामेडिकल कांउसिल द्वारा पंजीयन

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र हेतु महाविद्यालय के वेबसाइट www.rlamcollege.org का अवलोकन करें।

आवश्यकता है- मिडिल स्कूल हेतु अनुभवी महिला शिक्षिकाओं की आवश्यकता है अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक 19.10.2025 रविवार को सुबह 10 बजे पहुंचे पता आशीष गुरूकुल लिंगियाडीह अपोलो हॉस्पिटल के पास बिलासपुर 9893920442, 942521 9094 (38919)

आवश्यकता है- रेडीमेड शोरूम में 4वर्ष अनुभवी युवक/ युवती सेल्समैन, साड़ी काउंटर, गर्ल्स काउंटर, ब्वॉयेज सेल्स काउंटर संभालने का अनुभव हो। वेतन 12000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (38898)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता हैं**
कैफेटेरिया रेस्टोरेंट में समोसा, नाश्ता, खाना बनाने हेतु मिस्त्री की आवश्यकता है योग्य मिस्त्री संपर्क करें-
**कैफेटेरिया स्वर्ण**
चैम्बर हाईकोर्ट गेट नं. 3 के सामने रायपुर रोड, बोदरी, बिलासपुर
9977207779
7000761490

आवश्यकता है- होटल, लॉज में साफ सफाई स्टाफ टॉयलेट क्लीनिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- होटल स्वर्णभूमि बिलासपुर सम्पर्क करें- 7869380124 (38913)

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घरबैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9241054300 (590)

आवश्यकता है- Ammaji Traders फील्ड सेल्स पर्सन चाहिए उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए तुरंत भर्ती। 12वीं पास, अपना वाहन व सेल्स अनुभव वालों को प्राथमिकता। वेतन +इंसेंटिव +पेट्रोल No. 9685138652, 6266732985. Add.- व्यापार विहार, बिलासपुर (322)

## बेचना

बेचना है-परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (38838)

बेचना है- प्राइम लोकेशन मोपका सेन्दरी बाईपास बैमा नगोई चौक वैष्णव देवी मन्दिर के पास 3 एकड़ भूमि बेचना है कॉलोनी, शादी भवन, इन्वेस्टमेंट के लिए उपयुक्त सम्पर्क करें- 9300353688 (38926)

बेचना है- उषालता काम्पलेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट (1st) फ्लोर में फ्रंट साइड की दुकान 450 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 8964980000, 9826681000 (38924)

बेचना है-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

बेचना है - यदुनंदन नगर तिफरा में पूर्व मुखी लाल ईट से बना डबल स्टोरी न्यू 3BHK मकान फालसीलिंग मॉड्यूलर किचन, स्टील रेलिंग, सीसी रोड, सागौन दरवाजा, कामन बोर, कीमत 40लाख सम्पर्क- 7987166040 (38925)

बेचना है-मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 (38858)

बेचना है - बिलासपुर में प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK स्वतन्त्र मकान बेचना है फाइनेंस सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 6265041277, 8461997770 (325)

बेचना है-मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

बेचना है- प्रियदर्शनीय (अज्ञेय) नगर अग्रवाल कॉलोनी में 3520 वर्गफुट डबल रोड का प्लाट बेचना है मो.8349342897 (38918)

बेचना है- मंगला अमन विहार में 3BHK डबल मंजिल न्यू कंस्ट्रक्शन शानदार लोकेशन में मकान बेचना है कीमत 32 लाख सम्पर्क करें- 93012 27779 (38930)

बेचना है- गुलाब नगर मोपका के अन्दर 7485 वर्गफुट का डायवर्टेड प्लॉट एक मुश्त बेचना है सम्पर्क करें- 9827896182, 9827955199 (38929)

बेचना है- शांती नगर बिलासपुर के शिवम रेसीडेन्सी अपार्टमेन्ट में थर्ड फ्लोर में स्थित 800 वर्ग फुट का सर्व सुविधा युक्त 2BHK फ्लैट नम्बर सी-304, बेचना है सम्पर्क करे 9827158035 (38907)

बेचना है- राजकिशोर नगर गणेश वैली से लगा माँ शारदा विहार कॉलोनी में 40x60 फीट का सर्वसुविधायुक्त डायवर्टेड प्लाट 30 फीट रोड पर बेचना है (ब्रोकर क्षमा) संपर्क करें:- 9425557903, 79993 10004 (320)

## किराया

किराया - विनोबा नगर गायत्री मन्दिर के पास 2000 वर्गफीट में बना हुआ 2BHK प्रथम तल फुल फर्निश्ड, पार्किंग एवं सर्वसुविधायुक्त बंगला किराए से देना है सम्पर्क करें- 98271 58359 (38901

## व्यापार

व्यापार-जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 (302)

## वैवाहिकी

## वधु चाहिए

**वधु चाहिए**
बंगाली 47 वर्ष
स्वयं का व्यापार
वर हेतु सुन्दर,
सुशिक्षित वधु चाहिए
जाति बंधन नहीं
सन्तान सहित
भी स्वीकार
मैरिज ब्यरो क्षमा करें
सम्पर्क करें-
6268373521

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

वधु चाहिए-सरयूपारी ब्राह्मण पुत्र जन्मतिथि 04.07.1990, रायपुर हाइट 5' 10" सॉफ्टवेयर इंजीनियर, प्रथम श्रेणी, सीएस वीटीयू भिलाई से, व्यवसाय- बिजनेस हॉबीज, म्यूजिक, ऑटोमोबाइल, पिता रिटायर्ड गजटेड ऑफिसर, माता गजटेड क्लास वन ऑफिसर। सभी जातियों से ब्राह्मण संपर्क करें। -9826430448. (6736)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

**सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में विराट-रोहित के फॉर्म पर सबकी निगाहें

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर रविवार को पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए उतरेगी तो विराट कोहली और रोहित शर्मा की टीम में वापसी से जुड़े जज्बात के अलावा इस प्रारुप में पूर्णकालिक कप्तान बने शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के बाद कोहली और रोहित भारतीय टीम में लौटे हैं। पिछले सात महीने में भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल गई है। इस दौरान टी20 और टेस्ट प्रारुप में कोहली और रोहित के बिना भारतीय क्रिकेट आगे बढना सीख गया है।

अब सवाल यह है कि वनडे प्रारुप में इन दोनों दिग्गजों के पास देने के लिए क्या है। इसमे कोई दोराय नहीं है कि ये दोनों किसी भी दौर में और किसी भी मानदंड से वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में गिने जाएंगे। इस श्रृंखला के लिए दोनों ने कड़ी मेहनत की है। रोहित ने तो कई किलो वजन भी घटाया है और कोहली लंदन में निजी ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काम कर रहे थे।

## ऑस्ट्रेलिया में आज से वनडे सीरीज का आगाज, सुबह 9 बजे शुरू होगा मैच

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों का रिकॉर्ड अच्छा

आईपीएल के बाद दोनों ने क्रिकेट नहीं खेली है लिहाजा खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों के लिए अच्छी बात यह है कि उनकी वापसी आस्ट्रेलिया के खिलाफ हो रही है, जिसके सामने उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इस श्रृंखला के जरिए दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर दिशा तय हो सकती है। रोहित को अब सिर्फ सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम में अपनी भूमिका को आत्मसात करना होगा। पिछले दो टी20 और वनडे टूर्नामेंटों को उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईसीसी खिताब दिलाए हैं और वह मेलबर्न में आखिरी टेस्ट में भी टीम के कप्तान थे। कोहली अगर चिर परिचित अंदाज में लंबी पारियां खेलते हैं और रोहित अच्छी शुरुआत देते हैं, जो दोनों धुरंधरों का कैरियर कुछ साल और खिंच सकता है।




### रोहित-कोहली ट्रायल पर नहीं

मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ रोहित और कोहली की पुरानी प्रतिद्वंद्विता देखने में फिर मजा आएगा। दोनों को बखूबी पता है कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है और मौजूदा चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखकर कड़े फैसले लेने से भी गुरेज नहीं करेंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने कहा, रोहित और कोहली आस्ट्रेलिया में टीम का हिस्सा हैं। वे ट्रायल पर नहीं हैं। एक बार खेलना शुरू करेंगे, तब आप आकलन कर सकते हैं।'

### वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं रेड्डी

टीम प्रबंधन रोहित और गिल की सफल जोड़ी में बदलाव नहीं करेगा जबकि यशस्वी जायसवाल का विकल्प भी है । कोहली तीसरे नंबर पर उतरेंगे और श्रेयस अय्यर तथा केएल राहुल उनके बाद, जिसके मायने हैं कि राहुल को विकेटकीपिंग भी करनी होगी। नीतिश कुमार रेड्डी वनडे क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं चूंकि हार्दिक पंड्या चोट के कारण बाहर हैं। मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह का साथ देने के लिये तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में हर्षित राणा या प्रसिद्ध कृष्णा को चुना जा सकता है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

**आस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान) , जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुन्हेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवन, जोश फिलीप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

## रणजी ट्राफी : शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने खोई अपनी पकड़

# शमी ने बरपाया कहर, चटकाए 4 विकेट बंगाल ने उत्तराखंड को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार विकेट चटकाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को उत्तराखंड पर 8 विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उत्तराखंड ने खेल के अंतिम दिन दो विकेट पर 165 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब कप्तान कुणाल चंदेला 68 और भूपेन लालवानी 12 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन शमी के लय में आते ही उत्तराखंड की टीम ने अपनी लय खो दी। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी ने सुबह की परिस्थितियों का बेहतरीन फायदा उठाते हुए 24.4 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप और इशान पोरेल ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। शमी ने पहले चंदेला को 72 रन पर पगबाधा आउट कर जीत की राह खोली, फिर लंच के बाद अभय नेगी, जन्मेजय जोशी और राजन कुमार को आउट किया। उत्तराखंड ने अपने अंतिम आठ विकेट मात्र 92 रन पर गंवा दिए और टीम 265 रन पर आउट हो गई।



### सेना ने त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से दर्ज की जीत

इस बीच सेना ने दिल्ली में त्रिपुरा पर पारी और 20 रन से जीत दर्ज की। त्रिपुरा की टीम फॉलो ऑन करते हुए दूसरी पारी में केवल 163 रन पर आउट हो गई। सेना की तरफ से अर्जुन शर्मा ने पांच विकेट लिए। अहमदाबाद में मेजबान गुजरात ने असम के साथ ड्रॉ खेला, जिसने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 28 रन से की थी और अंत छह विकेट पर 192 रन पर किया। मुख्तार हुसैन (44), सुमित घडीगांवकर (37), नौवें नंबर के सिबाशंकर रॉय (नाबाद 39) और दसवें नंबर के स्वरूपम पुरकायस्थ (नाबाद 44) ने मैच ड्रॉ करने में अहम भूमिका निभाई।

### झारखंड ने तमिलनाडु को एक पारी और 114 रन से हराया

**कोयंबटूर।** झारखंड ने पूर्व चैंपियन तमिलनाडु को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में शनिवार को एक पारी और 114 रन से हराया जबकि अपना पहला प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे युवा आफ स्पिनर रिषव राज ने चौथे और आखिरी दिन चार विकेट चटकाए। झारखंड की जीत कल ही तय हो गई थी जब उसने तमिलनाडु को फॉलोआन खेलने के लिए कहा। चौबीस वर्ष के रिषव ने आखिरी दिन दो और विकेट लेकर पदार्पण के साथ 49 रन देकर चार विकेट चटकाए। झारखंड के पहली पारी के 419 रन के जवाब में तमिलनाडु की टीम 93 रन पर आउट हो गई थी। दूसरी पारी में तमिलनाडु ने 212 रन बनाए। झारखंड के कप्तान ईशान किशन ने 173 रन की पारी के दम पर 'प्लेयर आफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

### आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ

वहीं कानपुर में आंध्र और उत्तर प्रदेश का मैच ड्रॉ हो गया । आंध्र के पहली पारी के 470 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने आठ विकेट पर 471 रन बनाए। रिंकू सिंह 165 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि माधव कौशिक ने 54 और आर्यन जुआल ने 66 रन का योगदान दिया।

### बड़ौदा ने ओडिशा को 7 विकेट से हराया

कटक में बड़ौदा ने ओडिशा को सात विकेट से हराया। ओडिशा ने पहली पारी में 271 रन बनाये थे जबकि बड़ौदा ने पहली पारी सात विकेट पर 413 रन पर घोषित की। ओडिशा की टीम दूसरी पारी में 174 रन पर आउट हो गई। बड़ौदा के महेश पिठिया ने 63 रन देकर छह और भार्गव भट्ट ने तीन विकेट लिए। जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य बड़ौदा ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## रोहित और विराट से मेरे रिश्ते मजबूत : गिल



**पर्थ।** पिछले कुछ सप्ताह से सोशल मीडिया पर चाहे जो अटकलबाजी चल रही हो लेकिन भारत के नए वनडे कप्तान शुभमन गिल ने कहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली से उनके रिश्ते पहले की तरह मजबूत हैं और मैच के दौरान परेशानी में होने पर वह इन दोनों दिग्गजों से सलाह लेने में हिचकिचाएंगे नहीं। रोहित की जगह गिल को भारत का नया वनडे कप्तान बनाया गया है। उसके बाद से रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही है। गिल ने कहा,'बाहर भले ही कुछ भी बातें चल रही हो लेकिन रोहित से मेरे रिश्ते नहीं बदले हैं। जब भी मुझे मदद की जरूरत होती है, वह हमेशा उपलब्ध होते हैं। चाहे वह पिच के बारे में पता करना हो या कुछ भी।' उन्होंने कहा,' मैं उनसे जाकर पूछता हूं कि आपको क्या लगता है। अगर आप कप्तान होते तो क्या करते।

## जापान ओपन के फाइनल में लैला...



**ओसाका।** कनाडा की लैला फर्नांडीज ने कुछ मुश्किल पलों से गुजरने के बाद 35 वर्षीय सोराना सिर्सिया को 6-1 2-6 6-4 से हरा कर जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फर्नांडीज ने निर्णायक सेट में 4-4 के स्कोर पर सोराना की सर्विस तोड़ी और फिर अगले गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। चौथी वरीयता प्राप्त कनाडाई खिलाड़ी का फाइनल में मुकाबला 18 वर्षीय क्वालीफायर टेरेजा वैलेंटोवा से होगा। वैलेंटोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में जैकलीन क्रिस्टियन को 6-7(3), 6-4, 6-3 से हराया। फाइनल रविवार को खेला जाएगा।

pnb
Oriental United
Together for the better

सीओ- एसएएम, प्लॉट नं. ए.48, रिंग रोड नं. 2 गौरवपथ, बिलासपुर, फोन : 077752 432710/729

**ट्रैक्टर / वाहनों की नीलामी सूचना**

पंजाब नेशनल बैंक, निम्नलिखित वाहनों की खरीद के लिये इच्छुक बोलीदाताओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित करता है, जिन्हें निविदा बंद होने की तिथि 26.11.2025 ( बुधवार) को सायं 04:00 बजे से पहले पैनकार्ड, आईडी प्रूफ, एड्रेस प्रूफ की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति के साथ संबंधित शाखा पंजाब नेशनल बैंक (जैसा कि उल्लेख किया गया है) में पहुँचना चाहिए । यहाँ उल्लेखित आरक्षित मूल्य से नीचे की बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। ईएमडी के बिना बोली/ईएमडी के साथ लेकिन ईएमडी से कम राशि जो यहाँ निर्धारित की गई है, स्वीकार नहीं की जाएगी।

| क्र. सं. | शाखा का नाम एवं मोबा. नं. | नाम | वाहन का विवरण मॉडल एवं पंजीयन | एनपीए राशि | आरक्षित मूल्य ईएमडी राशि (राशि रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बुधवारी बाजार 9630479041 | संजय कुमार बत्रा | पियाजियो व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड / ape extra LD 3WS पास, CG-10 AJ 4840, मॉडल- 2017 | ₹ 100242.50 | ₹ 36,000/- ₹ 9,000/- |
| 2. | खरसिया 8757935458 | टिकू राम नायक एवं ताती राम नायक | प्रीत 3549 ट्रैक्टर, CG-13 UH 0316, मॉडल - 2015 | ₹ 687385.05 | ₹ 90,000/- ₹ 25,000/- |
| 3. | पम्पापुर 9907719577 | पवन | जॉन डीरे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 5039 CG 15 CW 5226 ट्रॉली के साथ | ₹ 736039.39 | ₹ 2,25,000/- ₹ 60,000/- |

**नीलामी की तिथि व समय : 26.11.2025 को प्रातः 11.00 बजे**

1. प्राप्त मुहरबंद लिफाफे ''वाहन की खरीद के लिए उद्धरण'' के रूप में चिन्हित किया जाना चाहिए, जिसे दिनांक 26.11.2025 को प्रातः 11:00 बजे संबंधित शाखा में खोला जाएगा। 2. पंजाब नेशनल बैंक किसी भी तरह से बेचे जा रहे वाहन की फिटनेस, गुणवत्ता या उपयोगिता का वारंट नहीं करता है । वाहन की नीलामी **''जैसा है जहां''** एवं **''जो है जैसी है''** के आधार पर किया जा रहा है । 3. शाखा प्रमुख की पूर्व अनुमति से 22.10.2025 से 25.11.2025 तक समय सुबह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे के बीच किसी भी कार्य दिवस पर अपने स्वयं के खर्च पर इच्छुक खरीददार वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं । 4. उच्चतम बोली वाले सफल बोलीदाताओं को **''जैसा है जहां''** एवं **''जो है जैसी है''** के आधार पर उसी स्थान से वाहन की डिलवरी लेनी होगी । आरक्षित मूल्य से नीचे पेशकश की गई बोली को विचार के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा । 5. सभी वाहन के लिए केवल रुपये 5000/- के गुणकों में बोली में सुधार किया जा सकता है । 6. सफल बोली लगाने वालों को दिनांक 26.11.2025 सायं 04.00 बजे तक बिलासपुर में **खाता संख्या- 0058002100046604** पीएनबी अर्नास्ट मनी आईएफएससी कोड- **PUNB0005800**, **शाखा कार्यालय-क्षेत्रीय कार्यालय, बिलासपुर** के नाम से नकदी / ट्रांसफर/ डिमांड ड्राफ्ट / NEFT/RTGS बिक्री मूल्य की 25 % (पहले से जमा हुई ईएमडी राशि सहित) जमा करनी होगी। शेष राशि (75%) को नकदी / ट्रांसफर/ डिमांड ड्राफ्ट / NEFT/RTGS के माध्यम से दिनांक 27.11.2025 (सायं 04.00 बजे तक) जमा करना अनिवार्य होगा । 7. स्वामित्व के हस्तांतरण की लागत और वैधानिक देय/राशि, शुल्क यदि कोई हो तो बोलीदाता द्वारा वहन किया जाना है । लागू जीएसटी को सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाना है । 8. पंजाब नेशनल बैंक उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के कारण बताए बिना किसी भी समय अपने विवेक से उपरोक्त वाहनों की नीलामी बिक्री प्रक्रिया को स्वीकार/अस्वीकार/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । 9. इस सार्वजनिक सूचना को उपरोक्त ऋण खातों के उधारकर्ता (ओं)/गारंटर (ओं)/बंधक (ओं) के लिए सूचना के रुप में माना जाएगा । उन्हें नियत तारीख पर या उससे पहले बैंक का बकाया चुकाने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल होने पर वाहन को नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा और शेष राशि यदि कोई हो तो ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ उनसे वसूल किया जाएगा ।

दिनांक : 19.10.2025, स्थान : बिलासपुर — प्राधिकृत अधिकारी / पंजाब नैशनल बैंक

### बोस्टन ओपनः क्वार्टर फाइनल में हारी अनाहत

**नई दिल्ली।** महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह बोस्टन ओपन 15000 डॉलर ईनामी राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना स्वाइफी से हारकर बाहर हो गई। दिल्ली की अनाहत को जाना ने 11-4 11-9 6-11 3-11 11-5 से हराया।

## टीम इंडिया की चुनौती, अहम मुकाबले से पहले गेंदबाजी संयोजन पर मंथन जरूरी

एजेंसी ▶▶| इंदौर

लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार 19 अक्टूबर को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिए छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा।

विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों, एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं। लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए भारत को तीन में से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे।




### अमनजोत को दी गई तरजीह

हरफनमौलाओं को उतारकर बल्लेबाजी को गहराई देने की भारत की रणनीति के चलते रेणुका सिंह जैसी विकेट लेने वाली गेंदबाज की जगह अमनजोत कौर को तरजीह दी गई है। रेणुका की गैर मौजूदगी से भारत का आक्रमण एक जैसा हो गया है और विविधता देने के लिए उन्हें उतारना ही होगा। इससे अनुभवहीन और युवा क्रांति गौड़ पर दबाव बन रहा है, जिसने अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव या तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी के भी विकल्प हैं।

## राशिफल

**मेष** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।


**धनु** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6023



**बाएँ से दाएं**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

**शब्द पहेली -6022 का हल**



■ मंगल सेनाचा, बैंगलोर

## सूडोकु नवताल- 6033

★ ☆ ☆ ☆ ☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE


■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6032 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# स्पेनः पाब्लो पिकासो की प्रदर्शनी में ले जाई जा रही पेंटिंग रास्ते में अचानक हुई गायब

**मैड्रिड।** पाब्लो पिकासो का नाम दुनिया के सबसे महान पेंटरों में शुमार होता है। आज भी उनकी एक-एक पेंटिंग की कीमत करोड़ों में लगती है। दुनियाभर के संग्रहालयों और प्रदर्शनियों में उनकी कलाकृतियां प्रदर्शित की जाती हैं। हालांकि, अब इस दिग्गज पेंटर की एक पेंटिंग गायब हो गई है। जी हां, इस पेंटिंग को स्पेन में एक प्रदर्शनी में ले जाया जा रहा था, जो रास्ते में खो गई।



### मैड्रिड से ग्रेनाडा के रास्ते में गायब हुई पेंटिंग

यह पेंटिंग मैड्रिड से ग्रेनाडा ले जाई जा रही थी, जहां एक प्रदर्शनी चल रही थी। इसी बीच रास्ते में वह गायब हो गई। प्रदर्शनी की मेजबानी 'काजाग्रानडा फाउंडेशन' कर रहा था, जिसे 'स्टिल लाइफः द इटरनिटी ऑफ द इनर्ट' नाम दिया गया था। यह पेंटिंग एक निजी संग्राहक के संग्रह का हिस्सा थी और इसे 3 अक्टूबर को मैड्रिड लाया गया था। काजाग्रानडा फाउंडेशन ने इसे किराए पर लिया तो था, लेकिन यह प्रदर्शनी तक पहुंच ही नहीं सकी।

### पहले भी चोरी हुई हैं पिकासो की कई पेंटिंग

यह पहली बार नहीं है, जब पिकासो की कोई पेंटिंग खोई हो। फरवरी 2007 में पिकासो की पोती के पेरिस स्थित निवास से उनकी 2 पेंटिंग चोरी हो गई थीं। उनकी कीमत 512 करोड़ रुपये थी। इसके 2 साल बाद पिकासो की 82 करोड़ की स्केचबुक पेरिस के एक संग्रहालय से चोरी हुई थी। 1989 में पिकासो की दूसरी पोती मरीना पिकासो के फ्रेंच रिवेरा विला से उनकी 12 पेंटिंग चोरी हुई थीं, जिनकी कीमत 92 करोड़ रुपये थी।



### 6 करोड़ से ज्यादा है पेंटिंग की कीमत

इस दुर्लभ पेंटिंग का शीर्षक 'नैचुरलेजा मुएर्टा कॉन गिटारा' है, जिसका अंग्रेजी में मतलब हुआ 'स्टिल लाइफ विद गिटार।' इसे पिकासो ने 1919 में बनाया था, जिसका माप 12.7 सेंटीमीटर और 9.8 सेंटीमीटर है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस पेंटिंग की कीमत 6.15 करोड़ रुपये से भी ज्यादा है। इसमें भूरे, काले, क्रीम और पीले रंगों से गिटार का चित्र बनाया गया है, जो एक लंबी मेज पर रखा हुआ है।

### पेंटिंग के गायब होने का कैसे चला पता?


फाउंडेशन ने बताया कि 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एक वैन प्रदर्शनी वाली जगह पर पहुंची, जिसमें सभी पेंटिंग रखी थीं। सभी पेंटिंग सावधानीपूर्वक पैक की गई थीं, लेकिन कुछ को सही ढंग से क्रमांकित नहीं किया गया था। पूरे हफ्ते उन्हें वीडियो निगरानी में रखा गया।इसके बाद उन्हें एक-एक करके खोला गया था और उनकी सही जगह पर रख दिया गया था।

पेंटिंग के खोने की खबर मिलते ही फाउंडेशन में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, प्रमुख ने तुरंत स्पैनिश पुलिस को इस बात की सूचना दे दी थी। स्पैनिश मीडिया की मानें तो वैन रात के वक्त ग्रेनेडा के पास रुकी थी। इस दौरान उसमें सवार 2 लोगों ने बारी-बारी से जागकर उसकी रखवाली की थी।

## वफादार कुत्ते ने बचाई 86 साल की बुजुर्ग महिला की जान

**न्यूयार्क।** बुजुर्ग महिला रात करीब 10:30 बजे ईयोर के साथ टहलते समय गिरकर घायल हो गई थी। जब वह घर नहीं लौटी तो उसके पति ने उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पति डरी हुई आवाज में बोल रहा है। उसने कहा, 'वह बस उस कुत्ते को ले जाती है , लेकिन 10 या 15 मिनट में वापस आ जाती है, अब लगभग एक घंटा हो गया है'। वीडियो में पुलिस अधिकारी को कार से लौटते हुए देखा जा रहा है। रास्ते में उन्होंने कुत्ते को देखा। डॉग डिप्टी मिलर की कार के पास पहुंचा और जब उसने पूछा, 'हाय बेबी, तुम्हारी मां कहां है? मुझे दिखाओ। इसके बाद कुत्ता 86 वर्षीय महिला के पास उन्हें लेकर गया।







## जापान में मौजूद है दुनिया का सबसे छोटा पार्क, आकार एक मीटर से भी कम

**शिजुओका।** आपने अपने जीवन में कई खूबसूरत पार्क की सैर की होगी, जो हरे-भरे पेड़ों और पौधों से भरे होते हैं। आम तौर पर पार्क 4,000 से 40,000 वर्ग मीटर तक फैले होते हैं। हालांकि, क्या हो अगर हम आप से कहें कि दुनिया में एक वर्ग मीटर से भी छोटा पार्क मौजूद है? दरअसल, जापान में दुनिया का सबसे छोटा पार्क स्थित है, जिसका नाम अब गिनीज बुक में भी शामिल हो गया है।



### 2 ए3 कागज जितना है इस पार्क का आकार

यह अनोखा पार्क शिजुओका के नागाइजुमी टाउन में स्थित है, जो टोक्यो से महज 1 घंटा दूर है। जब आप इस जगह की सैर पर निकलेंगे तो आपको सड़क के किनारे एक छोटी-सी वस्तु दिखाई देगी, जो असल में एक पार्क है। इस पार्क में एक प्रवेश द्वार, एक छोटी बेंच और हरी-भरी घास भी मौजूद है। यह पार्क केवल 0.24 वर्ग मीटर का है, जो कि A3 पेपर की 2 शीट के बराबर है।

### अमेरिकी पार्क से प्रेरित हो कर बनाया गया था यह पार्क

नागाइजुमी टाउन के निर्माण प्रबंधन प्रभाग की कर्मचारी शूजी कोयामा ने बताया कि सड़क पर खाली जगह का उपयोग करने के लिए 1988 में इस पार्क को बनाया गया था। उस वक्त एक कर्मचारी अमेरिका की यात्रा पर गए थे, जहां उन्हें पिछले रिकॉर्ड के बारे में पता लगा था। इसके बाद उन्होंने उससे भी छोटा पार्क बनाने की ठान ली थी। इसके निर्माण के बाद से ही यह स्थानीय लोगों का पसंदीदा बना हुआ है।

### इस पार्क के जरिए बढ़ेगा शहर का पर्यटन

इस शहर का प्रयास है कि इस सुंदर पार्क के जरिए पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। कोयामा ने कहा, "हम इस पार्क का रखरखाव जारी रखना चाहते हैं। साथ ही, एक ऐसा परिदृश्य बनाना चाहते हैं, जो सोशल मीडिया के लिए अधिक अनुकूल हो, ताकि और भी अधिक लोग इसे देखने आएं। स्थानीय लोग इस पार्क के पास आराम करने आते हैं और पर्यटक इसे देख कर अचंभित हो जाते हैं ।

### सोशल मीडिया पर छा रही हैं इस पार्क की तस्वीरें

इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे छोटे पार्क का खिताब दिलाने के लिए गिनीज बुक की टीम से संपर्क किया गया। पार्क के सटीक क्षेत्र को मापने के लिए एक पेशेवर सर्वेक्षक को बुलाया गया। इसके बाद गिनीज बुक की टीम ने इसे दुनिया का सबसे छोटा पार्क घोषित कर दिया। इस प्यारे-से पार्क की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी छा रही हैं और लोग इसकी जमकर तारीफ भी कर रहे हैं।







## इतालवी पेंटर की 50 साल से लापता 2 पेंटिंग होंगी नीलाम



**इटली।** कला एक ऐसी चीज है जो छिपाए नहीं छिप सकती। भले ही कोई कलाकार दुनिया को अलविदा क्यों न कह जाए, लेकिन उसकी कला हमेशा अमर रहती है। यह बात तब साबित हो गई जब इटली के एक पेंटर की 2 पेंटिंग 50 साल बाद मिलीं। ये दोनों पेंटिंग आधुनिकतावादी अमेदिओ मोदिग्लिआनी ने बनाई थीं, जो इतने सालों में पहली बार नीलाम होने वाली हैं।

**कब और कहां होने वाली है नीलामी :** इन पेंटिंग की नीलामी का आयोजन सोथबी नामक नीलामीघर द्वारा करवाया जा रहा है। ये दोनों पेंटिंग 'मॉडर्न आर्ट सेल्स' का हिस्सा रहेंगी, जो पेरिस में 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाली है। नीलामीघर ने उम्मीद जताई है कि प्रत्येक पेंटिंग की कीमत करीब 76 करोड़ रुपये तक लगेगी। इस बिक्री के दौरान नीलाम होने वाली सभी पेंटिंग की अनुमानित कीमत करीब 500 करोड़ से ज्यादा तय की गई है।

**1919 में बनाई गई थी पहली पेंटिंग :** मोदिग्लिआनी की पहली पेंटिंग का नाम है 'एल्विरा की प्रतिमा', जिसे उन्होंने 1919 में बनाया था। इसे बनाने के एक साल बाद ही 35 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। यह पेंटिंग एक निजी संग्रह का हिस्सा थी, जिसे शुक्रवार को सोथबी ने हासिल किया है।

**1915 की है दूसरी पेंटिंग :** नीलामी होने वाली दूसरी पेंटिंग का शीर्षक 'रेमंड' है, जो 1915 में बनाई गई थी। ऐसा माना जाता है कि यह पेंटिंग उपन्यासकार रेमंड रेडिगेट की है, जो उस समय सिर्फ 12 साल के थे।

### मोदिग्लिआनी की पेंटिंग की नीलामियां

मोदिग्लिआनी की कला लाखों लोगों को प्रेरित करती है और उनकी पेंटिंग अक्सर नीलामियों के दौरान धमाल मचाती हैं। अब तक उनकी 40 पेंटिंग नीलाम की जा चुकी हैं, जिनकी कुल कीमत 87 करोड़ रुपये से ज्यादा लगी है। बता दें कि 2015 में क्रिस्टीज की न्यूयॉर्क में हुई एक नीलामी के दौरान इस पेंटर की एक पेंटिंग 1,400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत पर बिकी थी। पेंटिंग का शीर्षक 'नू कोचे' था, जो 1917-18 में बनाई गई थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com